R.N.I. : UPHIN/2012/52437
Website : www.mantrabharat.com
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 14
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
सोमवार, 22 सितम्बर, 2025

जुनून है सच लिखने का

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

डाक पंजीयन संख्या : एल-2/9/रजि0/एडी0/119/15-17

प्रयागराज, लखनऊ, ग्वालियर एवं मुम्बई से एक साथ प्रकाशित एवं प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़ व गोरखपुर से प्रसारित



3 माँ दुर्गा की साधना से मिलेगा जीवन में शक्ति ...
5 मुकुट पूजा के साथ शुरू हुई सुरियावाँ की ...
7 कल्कि 2989 ईस्वी सीक्वल से अलग होकर ...

## नवरात्रि से 'आत्मनिर्भर भारत' का नया अध्याय

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी रिफॉर्म्स की घोषणा की

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्र को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने आगामी नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की घोषणा की, जो सोमवार 22 सितंबर से लागू होंगे। प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण कदम को 'जीएसटी बचत उत्सव' का नाम दिया और इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही, ये नए जीएसटी सुधार लागू हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह उत्सव गरीबों, मध्यम वर्ग, युवाओं और व्यापारियों सहित देश के हर वर्ग के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से लोगों की बचत बढ़ेगी और वे अपनी पसंद की चीजें आसानी से खरीद पाएंगे, जिससे त्योहारी मौसम में सभी के चेहरों पर खुशी आएगी। उन्होंने इन सुधारों के लिए सभी देशवासियों को बधाई दी और विश्वास जताया कि ये सुधार भारत की आर्थिक प्रगति को गति देंगे, व्यापार को आसान बनाएंगे और हर राज्य को विकास की दौड़ में समान भागीदार बनाएंगे।

प्रधान मंत्री ने 2017 में लागू हुए मूल जीएसटी सुधारों को याद किया, जिसने देश को दशकों से चले आ रहे जटिल कर जाल से मुक्ति दिलाई। उन्होंने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद, उनकी सरकार ने सभी हितधारकों और राज्यों से चर्चा कर जीएसटी को प्राथमिकता दी, जिससे यह ऐतिहासिक कर सुधार संभव हो पाया। पीएम ने कहा कि सुधार एक सतत प्रक्रिया है, और वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स पेश किए जा रहे हैं। इन नए सुधारों के तहत, जीएसटी की केवल दो प्रमुख दरें 5इ और 18इ लागू होंगी, जिससे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं अधिक सस्ती हो जाएंगी।



अपने संबोधन में, प्रधान मंत्री ने एक बार फिर 'आत्मनिर्भर भारत' के मंत्र पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्वतंत्रता संग्राम को 'स्वदेशी' के मंत्र से ताकत मिली, उसी तरह देश की समृद्धि को भी स्वदेशी से ही शक्ति मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे उत्पाद खरीदें जो 'मेड इन इंडिया' हों, जिनमें देश के युवाओं की मेहनत लगी हो। उन्होंने कहा कि हर घर और हर दुकान को स्वदेशी का प्रतीक बनना चाहिए। पीएम ने यह भी बताया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## घर में कुत्ते-बिल्ली की लड़ाई की वजह से पति पत्नी ले रहे तलाक पति बोला- अब नहीं सहूंगा

भोपाल **(एजेंसी)**। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से एक हैरान कर देने वाला तलाक का मामला सामने आया है। यहां एक दंपति तलाक लेने की वजह सिर्फ यह बताई है कि दोनों को एक-दूसरे के पालतू जानवर पसंद नहीं हैं। आपको बता दें कि दंपति की शादी सिर्फ 8 महीने पहले 2024 में हुई थी। पति यूपी का रहने वाला है और पत्नी भोपाल की। दोनों की मुलाकात पालतू जानवरों के हित में आयोजित आंदोलन के दौरान हुई थी। शादी के समय दोनों ने यह तय किया था कि वे एक-दूसरे के पालतू की देखभाल में मदद करेंगे।

शादी के बाद विवाद तब शुरू हुआ जब पत्नी अपनी बिल्ली को



साथ लाईं, जबकि पति के पास पहले से ही दो कुत्ते, मछली और खरगोश थे। महिला ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पति के कुत्ते उसकी बिल्ली को डराते हैं और बार-बार भौंकते हैं, तो वहीं इन आरोपों पर पति का कहना है कि महिला की बिल्ली लगातार म्याऊं करती है और उसकी मछलियों को नुकसान पहुंचाती है। इन्हीं विवादों के कारण दोनों ने अलग रहने का निर्णय लिया और तलाक के लिए फैमिली कोर्ट का रुख किया।

बता दें कि कोर्ट में काउंसलर शैल अवस्थी दोनों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे मतभेद भुलाकर रिश्ते को बचाएं. पहली काउंसलिंग में पति ने जिद की कि बिल्ली की वजह से वह अपने जानवरों के साथ अलग रहना चाहता है। पत्नी ने कहा कि वह अपनी बिल्ली को उदास नहीं देख सकती। अगली काउंसलिंग दशहरा के बाद होगी, जिसमें फिर से दोनों को समझाने की कोशिश होगी।

## प्यार में मिली बेवफाई तो युवक ने मोबाइल टावर से लगा दी छलांग, दिल दहला देने वाला वायरल आया सामने

पटना **(एजेंसी)**। बिहार के समस्तीपुर जिले में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खड़सर गांव में एक युवक ने मोबाइल टावर से कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक अमर पासवान प्रेम में मिले धोखे के कारण मानसिक तनाव में था। इस घटना का एक दिल दहला देने वाला वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

घटना के समय अमर गांव में स्थित एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर पर चढ़ने के बाद उसने एक वीडियो भी बनाया जिसे



उसने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किया। यह देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर घंटों तक उसे समझाने-बुझाने की कोशिश की लेकिन युवक किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। घंटों तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरकार अमर ने टावर से छलांग लगा दी।

मृतक के भाई लखींद्र पासवान ने बताया कि अमर का गांव की ही एक महिला के साथ प्रेम संबंध था। इसी वजह से वह लंबे समय से परेशान था। माना जा रहा है कि इसी मानसिक तनाव के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना के बाद पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के पीछे की सही वजह का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## *सुपौल में आर्केस्ट्रा डांसर के साथ दरिंदगी* सुनसान जगह ले जाकर हैवानों ने बारी-बारी किया दुष्कर्म; मुख्य आरोपी चिंटू गिरफ्तार

पटना **(एजेंसी)**। बिहार में सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र में पिछले गुरुवार को एक नर्तकी के साथ सामूहिक बलात्कार मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक शरथ आरएस ने इसकी जानकारी दी और कहा कि प्रतापगंज थाने के लक्ष्मिनिया पंचायत के कलिकापुर गांव में विश्वकर्मा पूजा के अवसर आर्केस्ट्रा पार्टी आयोजित की गयी थी। आर्केस्ट्रा पार्टी में डांस कार्यक्रम के लिए नर्तकी बुलाई गई थी। डांस करने के बाद वो देर रात घर लौट रही थी, तभी तीन युवक उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले गए और फिर उसके साथ बारी-बारी दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक शरथ ने बताया कि इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के तहत मुख्य आरोपी ललटू उर्फ चिंटू को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।



## फर्स्ट एसी में 'गलती से पैक हो गए' चादर-तौलिए, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में परिवार की चोरी का वीडियो वायरल

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सोशल मीडिया पर एक हैरान करने वाला वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक परिवार को पुरी और दिल्ली के बीच चलने वाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच से चादरें और तौलिए चुराते हुए देखा जा सकता है। यह घटना तब सामने आई जब टिकट निरीक्षकों (टीटीई) और रेलवे कर्मचारियों ने परिवार को यात्रियों के लिए उपलब्ध कराए गए सामान को चुराने के आरोप में पकड़ा। प्लेटफॉर्म पर पकड़े जाने के बाद, परिवार, जिसमें एक महिला और दो पुरुष शामिल थे, अनिच्छा से सामान वापस करते हुए कैमरे में कैद हो गए। वीडियो में, एक रेलवे अटेंडेंट ओडिया भाषा में यह कहते हुए सुनाई देता है, 'सर, देखिए, सभी बैगों से चादरें और कंबल निकल रहे हैं। ये तौलिए और चादरों के कुल चार सेट हैं। या तो इन्हें वापस कर दीजिए या 780 रुपये का भुगतान कीजिए।' वीडियो में पकड़े गए यात्री ने इसे एक बड़ी गलती बताया और दावा किया कि उसकी माँ ने गलती से ये चादरें पैक कर ली होंगी। हालाँकि, रेलवे कर्मचारी इस बहाने से सहमत नहीं हुए। अटेंडेंट ने इस पर सवाल उठाया कि जो लोग फर्स्ट एसी में यात्रा कर रहे हैं और तीर्थयात्रा पर जा रहे हैं, वे इस तरह की हरकतें कैसे कर सकते हैं। इस बीच, टीटीई ने हस्तक्षेप करते हुए चेतावनी दी कि अगर उन्होंने सहयोग नहीं किया तो रेलवे अधिनियम के तहत उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने इस तरह के व्यवहार की कड़ी आलोचना की है।



## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर तेजी लाने के लिए अमेरिका दौरे पर जाएंगे पीयूष गोयल

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 22 सितंबर को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका का दौरा करेंगे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से लंबित व्यापार समझौते पर बातचीत को तेज करना है। यह यात्रा तब हो रही है जब पिछले सप्ताह भारत और अमेरिका के बीच फिर से बातचीत शुरू हुई थी, जिसमें सकारात्मक प्रगति देखने को मिली है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल का लक्ष्य 'आपसी लाभ वाले व्यापार समझौते को जल्द से जल्द पूरा करना है।'

इस दौरे से पहले, अमेरिकी मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच और उनके भारतीय समकक्ष राजेश अग्रवाल के बीच नई दिल्ली में एक लंबी चर्चा हुई थी। इस बैठक को दोनों देशों ने बेहद सकारात्मक बताया और वे समझौते को जल्द पूरा करने पर सहमत हुए।

यह वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 25 अगस्त को टैरिफ वृद्धि के कारण छठे दौर की बातचीत स्थगित हो गई थी। अमेरिका ने 7 अगस्त से भारत पर 25इ का टैरिफ लगाया था, जो बाद में रूसी तेल खरीद पर 25इ अतिरिक्त शुल्क के साथ 50इ तक पहुंच गया। इसके अलावा, भारत ने अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए अपना बाजार खोलने की मांग का भी विरोध किया था, जिससे बातचीत में रुकावट आई थी।



अगस्त में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद, हाल के हफ्तों में कूटनीतिक रुख में नरमी आई है। अमेरिका में राजदूत पद के लिए नामित सर्जियो गोर ने सीनेटरों से कहा है कि बातचीत एक 'महत्वपूर्ण' चरण में पहुंच गई है और कुछ हफ्तों में इसका समाधान हो सकता है। उन्होंने ट्रंप और मोदी के संबंधों को 'अविश्वसनीय' और अनोखा बताया, जिससे समझौते के जल्द होने की उम्मीद बढ़ गई है। गोयल ने इससे पहले मई में भी अमेरिका का दौरा किया था और अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक से बातचीत की थी।

## मप्र ने नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य निर्धारण में मील का पत्थर हासिल किया : यादव

भोपाल **(एजेंसी)**। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य निर्धारण में एक मील का पत्थर हासिल किया है, जिसमें शुल्क तीन रुपये प्रति यूनिट से कम हो गया है। उन्होंने कहा कि यह देश में पहली बार है, जब नवीकरणीय ऊर्जा का शुल्क 2.70 रुपये प्रति यूनिट पर आ गया है।

एक आधिकारिक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना से पूरे देश में ग्रीन ऊर्जा उत्पादन और भंडारण की नई राह खुलेगी।

यादव ने मुरैना परियोजना में प्राप्त की गई सफलता के आधार पर लंबे समय की ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के लिए संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परियोजना में प्राप्त किया गया कम शुल्क प्रदर्शित करता है कि नवकरणीय ऊर्जा भी डिस्कॉम के लिए अधिक किफायती हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना 95 प्रतिशत वार्षिक उपलब्धता के साथ भारत की पहली 'सोलर-प्लस-स्टोरेज' परियोजना बन गई है। उन्होंने कहा कि अब तक देशभर की परियोजनाओं में केवल 50 प्रतिशत 'पीक ऑवर्स' उपलब्धता और 85 प्रतिशत वार्षिक उपलब्धता सुनिश्चित हो पाती थी।

यादव ने कहा, मुरैना परियोजना इस ट्रेंड को बदलते हुए 'पीक ऑवर्स' में 95 प्रतिशत आपूर्ति के नए मानक स्थापित करेगी। यादव ने कहा कि मुरैना सोलर पार्क को रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित किया गया है, जिसने पहले भी प्रतिष्ठित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित किया है।

उन्होंने कहा, मुरैना परियोजना से उत्पादित बिजली राज्य द्वारा खरीदी जाएगी। मुरैना सोलर पार्क में दो यूनिट स्थापित की जा रही हैं, प्रत्येक इकाई से तीनों चरणों में 220 मेगावॉट क्षमता ऊर्जा का उत्पादन होगा।



## आज से लागू होंगी जीएसटी की नई दरें

# एमआरपी देखकर ही करें खरीदारी कहीं दुकानदार न ठग लें!

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारत में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) दरों में किया गया महत्वपूर्ण बदलाव सोमवार, 22 सितंबर से लागू होगा, जिसका सीधा असर आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा। इस बदलाव के बाद, जीएसटी की मुख्य दरें अब केवल दो 5इ और 18इ होंगी। इसके अलावा, 40इ की एक विशेष दर पान मसाला, सिगरेट और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों जैसी चुनिंदा वस्तुओं पर लागू होगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि मध्यम वर्ग द्वारा इस्तेमाल होने वाली कई इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, जैसे टीवी और एयर कंडीशनर, को 18इ वाले स्लैब में रखा गया है।

क्या होगा सस्ताः रोजमर्रा की जरूरतों की चीजें जैसे पैकेज्ड फूड, खाद्य तेल, घरेलू सफाई के उत्पाद, और छोटी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं (चार्जर, ईयरफोन) सस्ती होंगी। बेंगलुरु जैसे शहरों में, ऐप-आधारित ऑटो और कैब की सवारी भी सस्ती हो जाएगी। सामान्य बीमारियों की दवाएं और मेडिकल उपकरण भी कम दरों में उपलब्ध होंगे।

क्या होगा महंगाः रेस्टोरेंट में खाना, खासकर एयर-कंडीशन्ड और प्रीमियम आउटलेट्स में, महंगा हो जाएगा। इसके अलावा, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन जैसे उपभोक्ता टिकाऊ सामानों के साथ-साथ सैलून और स्पा की सेवाएं और प्रीमियम स्मा टफोन भी महंगे हो जाएंगे।

कुल मिलाकर, इन बदलावों से रोजमर्रा के खर्चों में राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन बाहर खाने या घरेलू उपकरण खरीदने की लागत बढ़ सकती है। जीएसटी में बदलाव के बाद उपभोक्ताओं के लिए कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होगा, खासकर जब वे खरीददारी कर रहे हों।

भ्रम की स्थितिः 22 सितंबर से पहले बने उत्पादों पर पुरानी और नई दोनों एमआरपी हो सकती हैं। इससे दुकानदार अधिक कीमत वसूल सकते हैं।




उदाहरणः अगर किसी बिस्किट के पैक की पुरानी कीमत 50 रुपये थी, तो नई दरों के तहत यह 48 रुपये हो सकती है, लेकिन कुछ दुकानदार पुरानी कीमत पर ही बेच सकते हैं।

नया नियमः कंपनियों को अब अखबारों में संशोधित एमआरपी का विज्ञापन देने की जरूरत नहीं होगी। वे केवल डीलरों को नई मूल्य सूची भेजेंगी।

पैकेजिंगः कंपनियां पुरानी पैकेजिंग का इस्तेमाल 31 मार्च, 2026 तक कर सकेंगी, लेकिन उन्हें स्टिकर या डिजिटल प्रिंटिंग के जरिए नई कीमत दिखानी होगी।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कंपनियों को इस संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि आप खरीदारी करते समय कीमतों की सावधानीपूर्वक जांच करें ताकि आपको जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ मिल सके।

## जम्मू-कश्मीर में पर्यटन और खेल क्षेत्रों के विकास के लिए शांति आवश्यक : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर **(एजेंसी)**। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश में विकास और पर्यटन तथा खेल क्षेत्रों की बेहतरी के लिए शांति एक बुनियादी शर्त है।

अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा, विकास, पर्यटन या खेल... हमें हर चीज के लिए शांति चाहिए। अगर हम दिन-रात के मैच कराने की बात करते हैं और स्थिति ठीक नहीं है, तो कौन खेलने आएगा?'

उन्होंने यहां रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब की जर्सी का विमोचन किया। उन्होंने कहा, 'शांति हर चीज का आधार है। आज के कार्यक्रम, यानी जर्सी विमोचन कार्यक्रम का संदेश भी शांति ही है।'

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में विकास के लिए शांति आवश्यक है। सिन्हा ने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद अब भी मौजूद है। अब्दुल्ला ने कहा कि शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी उन पर नहीं है और उन्होंने जोर देकर कहा कि 'जो लोग जिम्मेदार हैं, उन्हें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।



# आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा आगामी त्यौहार-डीएम

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने उदयन सभागार में आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों/संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से अब तक की गई कार्यवाहियों/तैयारियों-पीस कमेटी की बैठक, दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति व निरोधात्मक कार्यवाहियों आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संभ्रांत नागरिकों से उनकी समस्याओं/सुझावों को प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिए। संभ्रांत नागरिकों ने कहा कि आगामी त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा, कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं होने दी जाएगी जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को जनपद में प्रतिमा स्थापित स्थलों के आसपास साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिमा विसर्जित होने वाले तालाबों की भी साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।




उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत से कहा कि प्रतिमा स्थापित स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर आवश्यकतानुसार विद्युत तारों को ऊंचा करा दिया जाय तथा पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि त्यौहारों पर सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट रखा जाय। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में रूट मार्च करने के भी निर्देश दिए जिलाधिकारी ने संभ्रांत नागरिकों से कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय। अनुमति अवश्य प्राप्त कर लिया जाय। वालंटियर बनाकर सूची उपलब्ध करा दिया जाय। प्रतिमा स्थापित स्थलों पर सुरक्षा के सभी मानकों का अनुपालन किया जाय। गैर परंपरागत कार्यों को न किया जाय। निर्धारित आवाज में ही डी.जे. बजाया जाय तथा अश्लील गानों को न बजाया जाय।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। अफवाहों पर ध्यान न दिया जाय।

अगर कोई व्यक्ति जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था बिगड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नदियों में प्रतिमाओं का विसर्जन न किया जाय। त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कड़ाधाम से कहा कि कड़ाधाम के आस-पास प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाया जाय। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि गंगा नदी में किसी के डूबने की घटना न होने पाये।बैठक में सभी उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगणों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा संभ्रान्त नागरिक-प्रेम चौधरी व अजय सोनी आदि उपस्थित रहें।

# युवक की हत्या का प्रयास करने वाले दस-दस हजार के दो इनामी आरोपी अरेस्ट

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जिले में महेवाघाट थाना क्षेत्र के अजरौली गांव में 12 सितंबर को हुई सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस प्रकरण में नामजद दोनों इनामी आरोपियों को रविवार को धाता मोड़ नहर पुलिया के पास से अरेस्ट कर लिया है, पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद किया है। दो आरोपियों को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया है।

ज्ञात हो कि महेवाघाट थाना क्षेत्र के अजरौली गांव निवासी चेतराम ने 16 सितंबर को पुलिस को तहरीर दी थी कि उसका भतीजा सूरज गुप्ता 12 सितंबर को शौच के लिए नहर की तरफ गया था। वहीं पर गांव के ही विपक्षी किलविस यादव पुत्र हीरालाल यादव एवं कल्लू सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह ने उससे शराब लाने को कहा। जब सूरज ने इनकार कर दिया तो दोनों ने मिलकर उसे बेरहमी से पीटा। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से उसकी टांग पकड़कर फाड़ दी, जिससे उसका शरीर का निचला हिस्सा गंभीर रूप से घायल हो गया। खून से लथपथ सूरज को मंझनपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी राजेश कुमार ने तत्काल पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। साथ ही दोनों फरार आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

रविवार को महेवाघाट पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों इनामी आरोपी धाता मोड़ नहर पुलिया के पास फरार होने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। वहीं, गंभीर हालत में घायल सूरज गुप्ता का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

# एडीओ पंचायत कार्यालय में तैनात बाबू घूस लेते गिरफ्तार

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जिले में मंझनपुर ब्लॉक में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात शिवनंदन एडीओ पंचायत में बाबू की तरह काम करता है। शनिवार को प्रयागराज की विजिलेंस टीम ने शिवनंदन को 5500 रुपये रिश्वत लेते अरेस्ट किया है।

बताया जा रहा है कि कौशाम्बी ब्लॉक के बरई बंधवा में तैनात सफाई कर्मचारी शिवचरण का कुछ दिनों पहले कौशाम्बी ब्लॉक में ट्रांसफर हुआ है। पत्रावली को यहां से भेजने के नाम पर रिश्वत की मांग की गई थी। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

वहीं कोतवाली प्रभारी मंझनपुर सुनील सिंह ने बताया कि विजिलेंस टीम ने उनको कार्रवाई के बाद जानकारी दी है। वह आरोपी को कोतवाली नहीं लाए। प्रयागराज में ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में राजभाषा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कौशाम्बी। जिले के भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में राजभाषा हिंदी सप्ताह आयोजन के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।

इस कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव के द्वारा विद्या की देवी माता सरस्वती को पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

ज्ञात हो कि महाविद्यालय द्वारा राजभाषा हिंदी सप्ताह के तहत जो विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई , उनमें काव्य पाठ प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, राजभाषा प्रश्नोत्तरी। भाषण प्रतियोगिता का विषय ' राजभाषा हिंदी का भविष्य एवं चुनौतियां था। 'इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों ने राजभाषा हिंदी के प्रशस्त भविष्य एवं आने वाली चुनौतियां पर अपने विचार रखें । इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए प्रथम वर्ष के छात्र यवन, द्वितीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निशि एवं तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष के छात्र संजय रहे ।

# मंझनपुर श्री रामलीला का आगाज-मुकुट पूजा और प्रसाद वितरण से हुई शुरुआत

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। मंझनपुर मुख्यालय स्थित गल्ला मण्डी में हिन्दू धर्म सभा श्रीरामलीला कमेटी द्वारा नवरात्र से पहले शुरू होने वाली शनिवार की देर रात मुकुट पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ हुआ है। इस दौरान ब्यास गोपाल दास जी महाराज ने श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ पूरे विधि-विधान से मुकुट पूजन संपन्न कराया गया है। मुख्य यजमान कमेटी के अध्यक्ष आशीष कुमार केसरवानी बच्चा भाई द्वारा अपने सभी पदाधिकारियों के साथ गणेश जी, भगवान विष्णु जी, श्री राम जी, हनुमान जी का पूजन-अर्चना किया साथ ही धनुष तथा मुकुट पूजा किया गया। मुकुट पूजन के बाद जय श्री राम के जयघोष पूरे नगर में गूंजने लगा यह मनोहर दृश्य देख लोग भाव विभोर हो गये। साथ ही नारद मोह का लीला दिखाया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि यह ऐतिहासिक रामलीला गल्ला मण्डी में श्री रामलीला मैदान में पिछले 77 वर्ष से रामलीला मंचन किया जा रहा है, जो अब परंपरा का रूप ले चुका है। साथ ही साथ यह भी बताया कि शारदीय नवरात्र से पहले ही रामलीला मंचन शुरू होकर विजय दशमी पर लंका दहन के साथ इसका समापन राम-भरत मिलाप होने के उपरान्त होता है। मुकुट पूजन के दौरान संरक्षक प्रेम चौधरी, महामंत्री पंकज शर्मा, पंकज गामा, उपाध्यक्ष रूपेश शर्मा, सुशील नामदेव, कल्लू पाण्डा, संगठन मंत्री झल्लर चौरसिया, कोषाध्यक्ष सोना लाल केशरवानी, अजय वर्मा, सुशील नामदेव, मंत्री सुनील नामदेव, राजू केशरवानी, नवीन वर्मा, बब्लू केशरवानी, संजीत सिंह रिंकू, रोहित, रितिक, लखन, मथुरा, अमित दीपक कश्पय, दीपक जायसवाल, सुभाष आदि सहित नगर के संभ्रांत लोग नगरवासी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित निवेशकों की समस्याओं के समाधान के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज उदयन सभागार में एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित निवेशकों की समस्याओं के समाधान के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

ज्ञात हो कि बैठक में जिलाधिकारी ने निवेशकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर निवेशकों की समस्याओं को निस्तारित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर एल.डी.एम. को कारण बताओं नोटिस जारी करने एवं अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित निवेशकों द्वारा उद्यम स्थापित करने के लिए भूमि की अनुपलब्धता व बैंक से ऋण न मिलने आदि समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में औद्योगिक आस्थान विकसित करने के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। इसके साथ है उन्होंने उपायुक्त उद्योग को संबंधित बैंकर्स के साथ बैठक कर ऋण से संबंधित समस्याओं को निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

# जेल की मिट्टी से बंदियों ने बनाई मां दुर्गा की प्रतिमा

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। कौशाम्बी के मंझनपुर स्थित जिला जेल में इस बार नवरात्र की तैयारियां विशेष हैं। जेल की मिट्टी से बंदियों ने खुद मां दुर्गा की प्रतिमा बनाई है। तीन दिन की मेहनत के बाद प्रतिमा तैयार हो गई है। रविवार शाम को पंडाल सजाकर मूर्ति की स्थापना की जाएगी।

ज्ञात हो कि जेल अधीक्षक अजितेश कुमार ने बताया कि बंदियों ने मां दुर्गा की मूर्ति बनाने की इच्छा जताई थी। उन्होंने बंदियों को इसकी अनुमति दे दी। जेल में कई ऐसे बंदी हैं जो कलाकार हैं। इससे अन्य बंदियों को भी कला सीखने का मौका मिलता है।

नवरात्र के दौरान जेल में विशेष आयोजन होगा। सैकड़ों बंदी व्रत रखेंगे और 9 दिनों तक पूजा-पाठ करेंगे। शारदीय नवरात्र का मुख्य उद्देश्य बुराई से दूर होकर अच्छाई की राह पर चलना है। इस दौरान बंदी अपनी गलतियों की क्षमा मांगेंगे और जीवन सुधार का संकल्प लेंगे।

# मुना सस्टेनेबिलिटी रन-स्वच्छ यमुना, हरित दिल्ली

# दिल्ली के 15 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों, प्रतिष्ठित विभूतियों, संभ्रात नागरिकों, जल वैज्ञानिकों, जल के लिये कार्य करने वाली संस्थाओं ने किया सहभाग

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। आज अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस के अवसर पर विवेकानंद यूथ कनेक्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित यमुना सस्टेनेबिलिटी रन - स्वच्छ यमुना, हरित दिल्ली के लिए दौड़ का भव्य उद्घाटन परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और जैन आचार्य लोकेश मुनि जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के नागरिकों, युवाओं, पर्यावरण प्रेमियों और दिल्ली के 15 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभाग कर यह संदेश दिया कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मां यमुना नदी को प्रदूषणमुक्त, तटों को हरा भरा और स्वस्थ बनाए रखना है। यह केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जागरूकता फैलाने और समाज में सेवा, साधना और समर्पण की भावना जगाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आज के इस अवसर का विशेष महत्व और भी बढ़ गया क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस है। स्वच्छ जल और प्राकृतिक संतुलन ही स्थायी शांति और समृद्धि की नींव है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा, जब हमारा मन और वातावरण शुद्ध होगा, तभी विश्व में सच्ची शांति संभव है। युवा शक्ति ही देश और दुनिया को हरित और स्वस्थ बनाने में अग्रणी भूमिका निभा सकती है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि आने वाले समय में शान्ति बनाये रखने के लिये, संघर्षों को कम करने के लिये, विवादों की समस्याओं का समाधान करने के लिये भीतर की शान्ति अत्यंत आवश्यक है। भीतर की शान्ति ही जीवन के आनंद को स्थिरता प्रदान कर सकती है। इस समय लोग सफल तो हो रहे हैं परन्तु शान्ति नहीं है। अब सफलता के साथ-साथ शान्ति के महत्व को भी समझे



क्योंकि शान्ति ही जीवन का सार है।

जल है तो जीवन है, जल है तो कल है, पानी नहीं तो पीस नहीं, नो वाटर नो पीस इसलिये जल चेतना को जन चेतना बनाना होगा, जल क्रान्ति को जन क्रान्ति बनाना होगा, जल आन्दोलन को जन आन्दोलन बनाना होगा।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि दौडेगी दिल्ली तो दौडेगा भारत, दिल्ली से पूरे भारत को प्रेरणा प्राप्त होगी। नदियां बचेगी तो जीवन बचेगा, नदियां हैं तो दुनिया है।

स्वामी जी ने कहा कि आज तक तो नदियां दौडती रही प्रदूषण के कारण अब नदियों की भी श्वास फुलने लगी है, मानवता का भी दम घुटने लगा हे इसलिये जागरण की शुरूआत बहुत जरूरी है ताकि आने वाली पीढ़ियों स्वच्छ जल व शुद्ध वायु प्राप्त हो सके।

स्वामी जी प्रातः काल वह भी रविवार के दिन जब स्कूल बंद होते हैं ऐसे में विद्यालय के बच्चों को अपनी नदियों के लिये दौड़ते हुये देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि यह एक बहुत अच्छी शुरूआत है। नदियों पर पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिये हर स्कूल को यह शुरूआत करनी होगी। इस अद्भुत कार्य के लिये स्वामी जी ने पर्यावरण मंत्री और संस्कृति मंत्री को शुभकामनायें देते हुये कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागृति आती हैं और यमुना जी को हमारी संस्कृति की आधारशीला है, यमुना बचेगी तो संस्कृति भी बचेगी।

राजेश सर्वज्ञ जी, विवेकानंद यूथ कनेक्ट फाउंडेशन ने इस दौड़ के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वच्छ यमुना, हरित दिल्ली और शांतिपूर्ण विश्व का सपना केवल सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही साकार हो सकता है।

सभी नागरिकों और युवाओं का आह्वान करते हुये कहा कि इस पहल का हिस्सा बनें, अपने जीवन में सेवा, साधना और समर्पण की भावना लेकर यमुना जी और पर्यावरण के संरक्षण में सक्रिय योगदान दें। आइए, आज नहीं बल्कि हर पल मिलकर स्वच्छ यमुना, प्रदूषण मुक्त नदियां व स्थायी शांति के लिए कार्य करे।

# आरेडिका में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन

**मंत्र भारत संवाददाता**

रायबरेली। आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से राजभाषा पखवाडा के तहत दिनांक-17.09.2025 से 27.09.2025 तक विभिन्न राजभाषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक 20.09.2025 को राजभाषा पखवाडा के अन्तर्गत हिन्दी के विकास हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे कर्मचारियों द्वारा "हिन्दी हैं हम" शीर्षक से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तकालय के प्रांगण में किया गया।

इसी कड़ी में दिनांक-22.09.2025 को सरस्वती प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक संध्या एवं विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें काव्य/गीत के क्षेत्र में मुकाम हासिल कर चुके प्रतिष्ठित कवि मुकुल महान (हास्य कवि), अरविन्द झा (हास्य कवि) शिखा श्रीवास्तव (श्रृंगार कवयित्री), योगेश शुक्ला (गीत) एवं प्रो0 डा0 विनम्र सेन सिंह (गीत समसामायिक) अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में आरेडिका महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।



# भाजपा द्वारा प्रायोजित सेवा पखवाडा के अन्तर्गत सराय अंकिल स्वास्थ्य केन्द्र पर बृहद स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी।स्वास्थ्य कैम्प का उद्घाटन मण्डल सराय अंकिल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा ने मण्डल के सभी कार्यकर्ताओ के उपस्थित मे किया त

इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों का स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक ललित सिंह द्वारा स्वागत किया गया एवं चिकित्सालय मे उपलब्ध सुबिधाओं की जानकारी दी गयी और अवलोकन भी कराया गया त

ज्ञात हो कि इस दौरान वक्ताओ ने मोदी और योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे लोगो क़ो जानकारी दिया त

स्वास्थ्य कैम्प में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें मधुमेह, रक्तचाप और अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच शामिल थीं। इसके अलावा, डॉक्टरों ने रोगियों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी और आवश्यक दवाएं वितरित कीं।

भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित इस स्वास्थ्य कैम्प का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

स्वास्थ्य कैम्प के आयोजन में



स्वास्थ्य विभाग की टीम और भाजपा कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह के आयोजनों से समाज के स्वास्थ्य में सुधार लाने और लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने में मदद मिलती है त

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता बृजेन्द्र नारायण मिश्रा, उमेश केशरवानी, महेन्द्र नाथ त्रिपाठी, सतीश जयसवाल, भवन जयसवाल, कामता प्रसाद चौरसिया, अशोक पासी, संजीव चौरसिया हरी शंकर, हीरा लाल, दिलीप गुप्ता, नत्थू लाल, लवकुश मौर्य, छोटेलाल पाल नरेश अग्रहरि, चिकित्सा अधीक्षक ललित सिंह, डाक्टर रमेश, व सभी डाक्टर व कर्मचारी सहित काफ़ी तादात मे मरीज मौजूद रहे त

# मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आयोजित किए जायेंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 'नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन' के लिए समर्पित मिशन शक्ति-5.0 अभियान का शुभारम्भ किया। यह अभियान 22 सितम्बर 2025 से 24 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जायेंगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 1647 थानों में नव स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्घाटन तथा मिशन शक्ति केन्द्रों से सम्बन्धित एस.ओ.पी. की पुस्तिका व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पुस्तिका का विमोचन किया।

ज्ञात हो कि इसका सजीव प्रसारण एन.आई.सी. सभागार में किया गया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर व सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को जनपद के सभी बालिका विद्यालयों में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता आदि जागरूकता कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतों एवं अधिशासी अधिकारियों को वार्डों में भी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए।




# आर्य समाज मंदिर का वैदिक धर्म संस्कृति सम्मेलन 22 व 23 सितंबर को

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। नगर पंचायत के पुरानी बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर के 150 वर्ष पूर्ण हो जाने पर दो दिवसीय यज्ञ, प्रवचन, सत्संग एवं भजनांजलि सम्मेलन का आयोजन 22 व 23 सितंबर को किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए आर्य समाज मंदिर के संरक्षक राम खेलावन गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन के प्रथम दिवस 22 सितंबर सोमवार को प्रातः 9 बजे से हवन, दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक सत्संग व देर रात तक भजनांजलि का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजा महेंद्र प्रताप सिंह एवं बारा विधायक डॉ. वाचस्पति होंगे। इसी क्रम में 23 सितंबर मंगलवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक हवन तथा दोपहर 3 बजे से रात तक सत्संग और भजनांजलि का कार्यक्रम होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य वैदिक धर्म संस्कृति व स्वाभिमान का पुनरुत्थान करना है। वैदिक ज्ञान, यज्ञ और सत्संग के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना तथा सनातन संस्कृति के सम्मान व प्रचार-प्रसार का संदेश देना इसका प्रमुख लक्ष्य है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति में संरक्षक रामखेलावन गुप्ता, किशोरी लाल केसरवानी, सोम प्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष अनिल कुमार, मंत्री वेद प्रकाश केसरवानी, कोषाध्यक्ष गिरीश जायसवाल, अंकुश केसरवानी सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।






पुलिस उपायुक्त नगर द्वारा थाना सिविल लाइंस का भ्रमण कर 'मिशन शक्ति-5.0' के अंतर्गत स्थापित 'मिशन शक्ति केंद्र' का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# मंडलायुक्त एवं पुलिस आयुक्त ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला पुलिस द्वारा निकाली गई बाइक रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

## रैली के माध्यम से महिला सुरक्षा व जागरूकता का दिया गया संदेश

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल, पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने रविवार को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित "मिशन शक्ति -5.0" (22 सितंबर से 24 दिसंबर 2025) के अंतर्गत पुलिस लाइन से महिला पुलिस आरक्षी द्वारा निकाली गई बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। मंडलायुक्त ने कहा कि बाइक रैली के माध्यम से कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूह व अन्य के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

रैली के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने आमजन को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी दी और शासन की विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों को साझा किया। महिला सुरक्षा और जागरूकता का संदेश आमजन तक पहुँचाने वाली इस रैली ने महिलाओं में आत्मविश्वास और निर्भीकता की भावना को और प्रबल किया।



नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित "मिशन शक्ति -5.0" का शुभारंभ मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा शनिवार को प्रदेश के सभी 1647 थानों पर नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का बटन दबा कर उद्घाटन तथा मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित एसओपी पुस्तिकाओं का विमोचन किया था। प्रदेश में "मिशन शक्ति- 5.0" के अंतर्गत शक्ति के पंच प्रवाह-सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, स्वास्थ्य तथा सशक्तिकरण पर कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# माँ दुर्गा की साधना से मिलेगा जीवन में शक्ति और समृद्धि - ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना और आत्मबल को जागृत करने का अद्भुत अवसर है। ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी ने कहा कि इस पावन अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना से साधक को जीवन में सफलता, सुख और समृद्धि प्राप्त होती है।



उन्होंने बताया कि इस बार की नवरात्रि विशेष फलदायी है। जो भी साधक श्रद्धा और भक्ति से देवी माँ की पूजा करेगा, उसके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और नई संभावनाएँ खुलेंगी। परिवार में शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए माँ दुर्गा का ध्यान व दुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभफलदायी रहेगा।

ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी ने लोगों से अपील की कि नवरात्र के दिनों में संयम, सत्य और भक्ति को अपनाकर माँ दुर्गा के चरणों में ध्यान लगाएँ और देश-समाज की समृद्धि व कल्याण की प्रार्थना करें।

# सेवा पर्व के तहत स्वच्छता पर लोकगीत एवं नौटंकी का आयोजन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रविवार को सेवा पर्व के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रयागराज के विभिन्न स्थलों पर लोकगीत एवं नौटंकी की प्रस्तुति दी गई।



मोहनलाल एवं उनके दल ने लोकधुनों और पारंपरिक कला रूपों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश प्रस्तुत किया। लोकगीतों की सरस प्रस्तुति ने श्रोताओं का मनोरंजन किया और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा भी दी। वहीं, नौटंकी की प्रभावशाली अदायगी ने समाज में गंदगी से होने वाले दुष्प्रभाव और साफ-सफाई के लाभों को सरल भाषा में समझाया।

कार्यक्रम की कड़ी में केंद्र द्वारा इंदिरा चौराहे की साफ-सफाई का विशेष अभियान भी चलाया गया। यह अभियान 25 सितम्बर तक चलेगा ट

केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम हैं और स्वच्छता के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुँचाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा मनाया गया कृतज्ञता पर्व , दी गई पुर्वजों को श्रद्धांजलि

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। ब्रह्माकुमारीज के द्वारा पितृपक्ष के समापन के उपलक्ष्य में पुर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए कृतज्ञता पर्व का आयोजन मुख्य सेवा केंद्र सद्भावना भवन में किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय निदेशिका मनोरमा दीदी ने बताया कि सनातन संस्कृति में हम अपने पूर्वजों के आशीर्वाद को अपने जीवन की उन्नति के लिए बहुत आवश्यक मानते हैं। हमारे बड़े, सारा जीवन निःस्वार्थ भाव से हमारी पालना करते हैं, यहां तक कि इस काया से प्रस्थान होने के बाद भी उनकी शुभकामनाएं हमारे ऊपर बनी रहती हैं इसलिए हम सभी को अपने पुर्वजों के प्रति कृतज्ञ होना और कृतज्ञता प्रकट करना अति आवश्यक है। जिसके लिए ही भारतीय संस्कृति में पितृपक्ष का प्रयोजन है। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से सभी ने पूर्वजों के लिए योग किया एवं सामूहकि भोग रखा गया।





अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था कमिश्नरेट प्रयागराज अजय पाल शर्मा द्वारा त्रिवेणी सभागार रिजर्व पुलिस लाइन्स प्रयागराज में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली(घ्ेंइ) के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें पुलिस उपायुक्त यमुनानगर, पुलिस उपायुक्त नगर, अपर पुलिस उपायुक्त नगर/गंगानगर तथा सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी व आईजीआरएस कर्मचारीगण उपस्थित रहें। सम्बन्धित को एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली(घ्ेंइ) के तहत प्राप्त प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# थरवई प्राचीन दुर्गा मंदिर पर दुर्गा पूजा जागरण समारोह 22 सितंबर से

थरवई। क्षेत्र के प्राचीन दुर्गा माता मंदिर परिसर में इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा जागरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत 22 सितंबर से होकर 1 अक्टूबर तक प्रतिदिन भक्ति भाव और विधि-विधान के साथ होगी। इस दौरान मां दुर्गा की आराधना, पूजा-अर्चना एवं जागरण का सिलसिला चलता रहेगा।आयोजकों ने बताया कि 2 अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई, साज-सज्जा एवं व्यवस्थाओं की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। आयोजन समिति के सज्जन द्विवेदी और सुनील मिश्रा ने संयुक्त रूप से उक्त जानकारी दी।

# उरुवा पट्टिनाथराय पीएम प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड कर सामान उठा ले गए चोर

**मंत्र भारत संवाददाता**

मेजा (प्रयागराज)। उरुवा ब्लॉक अंतर्गत पीएम प्राथमिक विद्यालय पट्टीनाथराय का ताला तोड़ स्कूल में घुसकर चोर ने रसोईघर में रखा सिलेंडर और कई सामग्री सहित अन्य उपयोगी वस्तुएं उठा ले गए। जानकारी अनुसार पीएम प्राथमिक विद्यालय पट्टीनाथराय का ताला तोड़ स्कूल में घुसे चोर रसोईघर का सामग्री सहित अन्य उपयोगी वस्तुएं उठा ले गए। जाते समय चोर स्कूल का कई सामान को तोड़कर कर फेंक दिया जिससे विद्यालय का काफी नुकसान हुआ। चोरी की इस घटना की जानकारी शनिवार को सुबह अध्यापक समरेंद्र कुमार को हुई तो उन्होंने मामले की जानकारी विभागीय अधिकारियों को देने के बाद पुलिस को दी। पीएम प्राथमिक विद्यालय पट्टीनाथराय उरुवा ऊंचडीह बाजार मार्ग पर स्थित है। यह स्कूल गांव से आधे किलोमीटर दूर सूनसान स्थान पर स्थित है। रात के समय किसी के मौजूद न होने का फायदा चोर उठा लेते है। प्रधानाचार्य पुष्कर द्विवेदी ने बताया कि चोरी की घटना इसके पहले भी हो चुकी है। चोरों के ऊपर कोई कार्रवाई न होने के कारण चोरों का हौसला बुलंद बना हुआ है।आए दिन विद्यालय में चोरी की घटना होती रहता है। जिससे उरुवा ब्लाक के शिक्षकों में बहुत बड़ा आक्रोश बना हुआ है। इस घटना से ग्रामवासियों में आक्रोश देखने को मिला है।




# फ्लिपकार्ट ने दोपहिया वाहनों के लिए डिजिटल-फर्स्ट किफायत एवं सुगमता को बढ़ाया

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने वार्षिक शॉपिंग फेस्टिवल द बिग बिलियन डेज की तैयारियों के बीच पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बड़ी रेंज उपलब्ध कराते हुए वाहन खरीद के अनुभव को पूरी तरह बदलने की तैयारी कर ली है। त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है और ऐसे में वैरायटी, किफायत, भरोसा एवं 24 घंटे सपोर्ट के साथ फ्लिपकार्ट टू-व्हीलर्स के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है।

फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट - इलेक्ट्रॉनिक्स सुजीत अगाशे ने कहा, 'एक दोपहिया वाहन खरीदना कई लोगों के लिए बड़ा फैसला होता है और हम देख रहे हैं कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की सहूलियत एवं पारदर्शिता को देखते हुए बहुत से उपभोक्ता तेजी से इन्हें अपना रहे हैं। पिछले एक साल में फ्लिपकार्ट पर दोपहिया वाहनों की मांग तीन गुना हो गई है, जो ग्राहकों को केंद्र में रखकर की जाने वाली हमारी विभिन्न पहल पर उनके भरोसे को दिखाता है। इस त्योहारी सीजन में प्रोडक्ट डिस्कवरी से लेकर फाइनेंसिंग तक, हम इस अनुभव को बेहतर कर रहे हैं, जिससे हमारे ग्राहकों के लिए सुगम एवं आसान प्रक्रिया सुनिश्चित हो रही है। फ्लिपकार्ट में हम यह प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कैसे भरोसेमंद पार्टनर्स एवं मजबूत कस्टमर सर्विस के माध्यम से पूरी तरह डिजिटल सफर के जरिये देशभर में दोपहिया वाहनों की खरीद को ज्यादा आसान एवं सुविधाजनक बनाया जा सकता है।'

कम्युटर्स, परफॉर्मेंस और प्रीमियम बाइक से लेकर टॉप-सेलिंग स्कूटर व इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स तक प्लेटफॉर्म पर दोपहिया वाहनों की व्यापक रेंज मिलेगी। इनमें हीरो, टीवीएस, बजाज, सुजुकी, टीवीएस आईक्यूब, चेतक, एथर, विडा, ओला एवं एम्पियर जैसे अग्रणी ब्रांड शामिल हैं। द बिग बिलियन डेज 2025 में रॉयल इनफील्ड मोटरसाइकिल भी लॉन्च की जाएगी। इसके साथ ही जावा यजदी, केटीएम और ट्रियम्फ जैसी प्रीमियम मोटरसाइकिल्स में से भी चुनने का मौका मिलेगा।

जीएसटी दरों में हुए हालिया बदलाव (22 सितंबर, 2025 से प्रभावी) से 350 सीसी से कम वाले टू-व्हीलर्स पर टैक्स को 28 से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे ग्राहकों को बेहतर मूल्य मिलेगा। फ्लिपकार्ट की फेस्टिव डील एवं फाइनेंसिंग विकल्पों के साथ इस नीतिगत बदलाव से यह दोपहिया वाहनों की खरीद का सबसे अच्छा समय है।

ज्यादा से ज्यादा ग्राहक महत्वपूर्ण लाइफस्टाइल परचेज के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की ओर रुख कर रहे हैं। डिजिटली-इनेबल्ड और खरीदारी के पारदर्शी सफर के साथ पहुंच एवं सुगमता को प्राथमिकता में रखते हुए फ्लिपकार्ट इस बदलाव में सहयोग कर रहा है। ऑन-रोड प्राइसिंग, डिजिटल इंश्योरेंस और फाइनेंशिंग के विकल्पों के साथ फ्लिपकार्ट ग्राहकों को बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बना रहा है। इसके अतिरिक्त, 24 घंटे टू-व्हीलर एक्सपर्ट असिस्टेंस से ग्राहकों को तुरंत अपने सवालों के जवाब मिल जाते हैं, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया बेहतर होती है।

# बढ़ते चोरी के अपराध के बीच संतोष कुमार पांडे ने संभाला थरवई थाने का प्रभार

## नए थाना प्रभारी ने ड्रोन के मामले को लिया संज्ञान : पुलिस टीमें कर रही निगरानी

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। जनपद पुलिस कमिश्नर जोगेंदर कुमार के द्वारा भेजे गए थरवई के नए थाना प्रभारी संतोष कुमार पाण्डेय अलर्ट मोड़ पर दिखे कानून व्यवस्था को लेकर स्टाफ के साथ थाना प्रभारी ने की बड़ी बैठक जनता को सही समय पर उचित न्याय दिलाने का दिए आदेश कार्य के प्रति लापरवाही पर होगी कार्रवाई- प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय ने थाना शकरगढ़ में अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर रहे अब थरवई प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश को थाना थरवई से संगम पर्यटन थाना पर स्थानांतरित किया गया। नए थाना प्रभारी ने बतलाया की वर्तमान में चल रहे ड्रोन के मामले को संज्ञान लिया गया है जाँच पड़ताल की जा रही।



# सहायक पुलिस आयुक्त बारा को पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। बारा क्षेत्र के सर्कल में पत्रकारों को थाना प्रभारी द्वारा सर्किल क्षेत्र में सूचना न देने के संबंध में पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला ने सहायक पुलिस आयुक्त बारा कुंज लता को ज्ञापन देकर पत्रकारों को सुरक्षा के लिए व खबर को प्रकाशित करने के संबंध में अवगत कराया है कि क्षेत्र में हो रही घटनाओं के बारे में थाना प्रभारी द्वारा अवगत नहीं कराया जाता है।

थाना परिसर में अगर कोई बैठक भी हो रही है कोई सूचना पत्रकारों को नहीं दी जाती थाना प्रभारी द्वारा जो ग्रुप बनाया गया उस ग्रुप में भी खबर समय से नहीं मिल प रही है जिससे पत्रकारों को खबर प्रकाशित करने में कठिनाइयां हो रही हैं क्षेत्र में बड़ी घटनाएं होती तो ग्रुप में भी नहीं डाला जाता है पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला ने सहायक पुलिस आयुक्त बारा को अवगत कराया की आपके द्वारा सर्कल के थाना प्रभारी को अपने स्तर से लेटर जारी कर ग्रुप में खबर को समय से पहले ग्रुप में खबर व फोटो डालने को अवगत कराया ताकि समय से पहले सभी पत्रकार साथियों के पास खबर समय पहुंच जाए पत्रकारों के साथ थाना प्रभारी अच्छा व्यवहार करें अगर ऐसा नहीं होता तो पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा वरिष्ठ पुलिस आयुक्त प्रयागराज से मिलकर ज्ञापन देने का कार्य करेंगे मौके पर मौजूद रहे प्रदेश अध्यक्ष पीसी पांडेय वरिष्ठ पत्रकार कमलाकर सिंह आशीष मिश्रा रविंद्र तिवारी मनोज कुमार बिंद माजिद अहमद सोनू राकेश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।



# मां शांति इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की सर्पदंश से मौत पर हुई शोक

**मंत्र भारत संवाददाता**

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। क्षेत्र के रानीगंज पगुवार स्थित मां शांति इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की मौत पर शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया।

क्षेत्र के मां शांति इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह 45 वर्ष निवासी सीधटिकट अपने खेत में खाद डालने गए थे। वही किसी जहरीले जन्तु ने उन्हें काट लिया। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह अपने घर वापस नही पहुँचे तो परिजन परेशान हो गए और खेत में गए तो देवेंद्र सिंह अचेतावस्था में पड़े थे। परिजन उन्हें चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा रहा। उनकी मौत पर शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालो में प्रबंधक आनंद राठौर, जेपी यादव, महेंद्र सिंह, क्रांति सिंह, सुभाष सिंह, रणवंत सिंह, राजकली, बालेन्द्र सिंह, सरदार सिंह, शिव यादव आदि रहे।



# मिशन शक्ति केंद्र शंकरगढ़ में थाना प्रभारी निरीक्षक ने महिलाओं को किया जागरूक

**मंत्र भारत संवाददाता**

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। मिशन शक्ति केंद्र में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बैठककर महिलाओं को जागरूक किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र बनाए जाने का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। थाना परिसर में अलग से मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना की गई है। जिससे पीड़ित महिलाओं को अपनी समस्याओं को बताने में कोई कठिनाई न हो। सहायता केंद्र में आने वाली प्रत्येक महिलाओं को उनकी शिकायत दर्ज कराने में मदद मिलेगी तथा इन केंद्रों में प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मियों के साथ-साथ परामर्शदाता भी मौजूद रहेंगे।

महिलाओं को बिना किसी डर व संकोच के सीधे पुलिस तक पहुंचने में आसानी होग। जिससे घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, अपराधों से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा की जा सकेगी। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक संतोष पांडेय, वरिष्ठ एसएसआई शिवकुमार यादव, एसआई अनुराग यादव, एसआई मानवेन्द्र सिंह, एसआई ऋषभ पटेल, कांस्टेबल विशाल सिंह, उपनिरीक्षक सुष्मिता मौर्य, वैशाली अग्रहरि, अनुराधा कुमारी, अंकिता यादव, रेनू केसरवानी, अनुराधा सिंह आदि रहीं।



## सम्पादकीय

### राहुल गांधी के आरोप और चुनाव आयोग की जवाबदेही - इस टकराव में जनता का भरोसा न टूट जाए

पारदर्शिता लोकतंत्र का जीवन है। जनता की ओर से प्रश्न उठना भी लोकतंत्र में एक स्वाभाविक और जरूरी प्रक्रिया है। साथ ही संदेहों और सवालों के जवाब अगर समय पर सामने आ जाएं, तो इससे देश में लोकतांत्रिक जड़ें मजबूत ही होंगी। मगर कई बार राजनीतिक उठा-पटक के बीच धुंध जब ज्यादा गहरी हो जाती है, तब विश्वास का संकट खड़ा होने की आशंका उपजती है।

इस लिहाज से देखें तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से पिछले कुछ समय से मतदाता सूची में हेरफेर को लेकर जिस तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं, वे अब बहस का मुद्दा बन चुके हैं और आम लोगों के सामने एक तरह के ऊहापोह की स्थिति बनती जा रही है। ऐसे में जरूरी यह है कि चुनाव आयोग अपने स्तर पर सामने आकर इससे उपजे सभी तरह के संदेहों को दूर करे, ताकि मतदान की प्रक्रिया को लेकर विश्वसनीयता का संकट खत्म हो।

गौरतलब है कि गुरुवार को राहुल गांधी ने एक बार फिर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर सवाल उठाया और कर्नाटक में आलंद निर्वाचन क्षेत्र का हवाला देते हुए कहा कि वहां किसी ने गलत तरीके से 6, 018 वोट हटाने की कोशिश की। मगर इस क्रम में चूंकि खुद बूथ-स्तरीय अधिकारी के संबंधी का वोट भी हट गया था, इसलिए उसकी जांच के बाद सिरे खुलते गए, जो बेहद चिंताजनक थे।

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में भी ऐसा ही मामला देखा गया। जाहिर है, मतदाता सूची से वैध मतदाताओं का नाम हटाने का यह आरोप बेहद गंभीर है और इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए। मगर इस मसले पर निर्वाचन आयोग की ओर से फिर से एक संक्षिप्त जवाब आया कि इस तरह मतदाताओं का नाम हटाने को लेकर लगाए गए आरोप गलत और आधारहीन हैं।

कुछ समय पहले भी जब राहुल गांधी ने कर्नाटक में ही फर्जी मतदाताओं को सूची में जोड़ने का आरोप लगाया था, तब भी मुख्य चुनाव आयुक्त ने उसे खारिज कर दिया था। सवाल है कि मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम फर्जी तरीके से जोड़ने या फिर हटाने के इस समूचे मामले को अब जिस तरह देखा जा रहा है, क्या आयोग के संक्षिप्त जवाब से इससे संबंधित आशंकाओं का निराकरण हो सकता है! दरअसल, जरूरत इस बात की है कि निर्वाचन आयोग इस मामले की व्यापक और निष्पक्ष जांच करा कर इससे संबंधित तथ्य जनता को उपलब्ध कराए, ताकि आम लोगों का विश्वास लोकतंत्र को मजबूती देने की प्रक्रिया में बना रहे।

विडंबना यह है कि संविधान में जिस मतदान के जरिए लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की ठोस व्यवस्था की गई है, उसे सुनिश्चित करने के लिए तैयार होने वाली मतदाता सूची में गड़बड़ी के इतने गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं और उस पर कोई स्पष्टता कायम होने के बजाय यह सवाल महज राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के दुश्चक्र में उलझता दिख रहा है।

इसी तरह, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भी आयोग के रुख पर सवाल उठ चुके हैं। आखिर यह नौबत कैसे और क्यों आई कि निर्वाचन आयोग पर देश के लोकतंत्र को कमजोर करने वाले तत्त्वों को बचाने के आरोप लगाए जा रहे हैं और इस पर आयोग के रुख की वजह से जनता के एक खासे हिस्से के बीच समूची चुनाव प्रक्रिया को लेकर आशंका खड़ी हो रही है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि स्वच्छ और स्वतंत्र मतदान ही लोकतंत्र के बचे रहने की एकमात्र गारंटी है। साथ ही नागरिकों के मतदान का अधिकार सुरक्षित रहे, यह सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की ही जिम्मेदारी है।



# 2025 के जीएसटी सुधार से 2030 तक टैक्स सिस्टम कैसा होगा और आपकी जेब तथा नौकरियों पर क्या असर पड़ेगा?

कुछ वर्षों से वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) ढांचे में सुधार की मांग की जा रही थी। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने पिछले दिनों जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने और कम करने की घोषणा की। जीएसटी परिषद की जिस बैठक में यह फैसला किया गया, उसकी अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की। बैठक में जीएसटी सुधार की दृष्टि से जटिल कर प्रणाली को सरल और उपभोक्ता अनुकूल बना कर देश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देने का प्रयास किया गया। बारह फीसद और अट्ठाईस फीसद जीएसटी श्रेणी को समाप्त कर अब केवल दो श्रेणियां पांच फीसद और अठारह फीसद ही रखी गई हैं। एक नई श्रेणी चालीस फीसद की बनाई गई है, जो उन वस्तुओं पर लागू होगी, जिनसे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है या जो विलासितापूर्ण हैं।

माना जा रहा है कि जीएसटी की नई दरों से न केवल आम नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि व्यवसायों और विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने में भी मदद मिलेगी। जीएसटी परिषद ने नई दरों को 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी बनाने का निर्णय किया है। इसमें आम उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमजीसी) जैसे साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट और खाद्य उत्पादों पर जीएसटी दर को बारह फीसद या अठारह फीसद से घटा कर पांच फीसद कर दिया गया है। इसी तरह सीमेंट, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन और टीवी जैसे उत्पादों पर जीएसटी अट्ठाईस फीसद से घटा कर अठारह फीसद कर दिया गया है। इससे घरेलू सामान का मूल्य किफायती हो जाएगा और इससे मध्यम तथा गृहिणियों को काफी राहत मिलने की संभावना है।

इसी परिप्रेक्ष्य में यदि पिछले वर्षों में जीएसटी संग्रह और समस्याओं पर नजर डालें, तो वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों में इसमें




11.7 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय जीएसटी की तुलना में राज्यों का संग्रह उच्च दर 15.2 फीसद से बढ़ा, जो राज्यों में मौजूद विविध उपभोग और खपत का स्वरूप बताता है। वैसे राज्यों के कर संग्रह में काफी असमानताएं भी हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे कुछ प्रदेशों में जीएसटी राजस्व में 17 फीसद से 18.8 फीसद की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश जैसे अन्य राज्यों में दस फीसद से कम वृद्धि हुई।

जीएसटी का व्यवसायों पर प्रशासनिक बोझ कम करने के लिए अनुपालन की प्रक्रियाओं को सरल और सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। इसमें 'रिटर्न' भरने की प्रक्रिया में सामंजस्य स्थापित करना और समय पर 'रिफंड' सुनिश्चित करना भी शामिल है। कर चोरी-रोधी उपायों विशेष रूप से नकली चालान और कर चोरी रोकने के उपायों को मजबूत करने की आवश्यकता है। संदिग्ध लेनदेन की पहचान करने के लिए उन्नत डेटा और प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। नई कर संरचना से इन समस्याओं का समाधान होगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है। सबसे जरूरी बात यह है कि कुछ वर्षों का अनुभव बताता है कि सरकार द्वारा दी गई राहतों का लाभ अंतिम पंक्ति के उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचता है।

वस्तुओं के उत्पादक या मध्यस्थ अपने निजी स्वार्थों को पूरा करने के लिए इस छूट का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचाने को तवज्जो नहीं देते हैं। जीएसटी दरों में कमी के मामले में भी यह समस्या बाधा बन सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं, ताकि दरों में कमी का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश दिया है कि वे रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के मूल्यों पर नजर रखें। इसकी पहली मासिक रपट 30 सितंबर, 2025 तक और उसके बाद हर महीने की बीस तारीख तक जमा करनी होगी। इस रपट में वस्तु का नाम, ब्रांड और 22 सितंबर से पहले और बाद का अधिकतम खुदरा मूल्य शामिल होगा। इस तरह की व्यवस्था और पारदर्शिता उपभोक्ताओं को वस्तुओं की कम कीमतों की स्पष्ट जानकारी देगी। केंद्र सरकार इस वर्ष दिसंबर तक जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह न्यायाधिकरण विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा, जिससे कारोबारियों और नागरिकों के लिए पारदर्शिता एवं विश्वास का माहौल बनेगा।

वहीं, जीएसटी दरों में बदलाव के बाद पुराने माल पर नई कीमतें लागू करना कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सरकार ने इस समस्या का समाधान करते हुए कंपनियों को अनुमति दी है कि वे पुराने माल पर स्टिकर, मुहर या आनलाइन प्रिंटिंग के जरिए संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य दर्शा सकती हैं, लेकिन इसके साथ पहले का मूल्य भी दर्शाना होगा।

इसके अलावा, अप्रयुक्त पैकेजिंग सामग्री का उपयोग 31 दिसंबर, 2025 तक करने की छूट दी गई है। कंपनियों को नए मूल्यों की जानकारी दुकानदारों, राज्य सरकारों, संबंधित केंद्रीय विभागों और उपभोक्ताओं तक पहुंचानी होगी। इसके लिए कम से कम दो समाचारपत्रों में विज्ञापन देना अनिवार्य होगा। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उपभोक्ता मूल और संशोधित कीमतों के बीच अंतर को समझ सकें, जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

जीएसटी में इस सुधार बाद एमएसएमई को सरलीकृत अनुपालन, एआइ-संचालित निगरानी और त्वरित 'रिफंड' प्रक्रिया के जरिए सशक्त बनाने की कोशिश है। यह छोटे व्यवसायों को नवाचार और विस्तार का अवसर भी देता है। विशेष रूप से, महिला उद्यमियों के लिए सरलीकृत जीएसटी और आसान ऋण सुविधाओं ने नए द्वार खोले हैं। महिला-नेतृत्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग अब रोजगार सृजन और नवाचार में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सीमेंट पर जीएसटी अट्ठाई फीसद से घटा कर अठारह फीसद करने से आवास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत कम होगी। यह कदम न केवल नए रोजगार सृजित करेगा, बल्कि 'राष्ट्र-निर्माण' के मिशन को भी गति देगा।

इसी तरह, छोटी कारों और मोटरसाइकिलों पर जीएसटी में कटौती ने इन्हें पहली बार खरीदने वालों, खासकर युवाओं के लिए किफायती बनाया है। इससे वाहन निर्माण क्षेत्र में मांग बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। दूसरी ओर, कर दरों में बदलाव से बारह फीसद की श्रेणी से अठारह फीसद की श्रेणी में जाने वाली आम जनजीवन के लिए जरूरी कई वस्तुएं महंगी हो जाएंगी। इसका सबसे बड़ा उदाहरण कागज है। इसे बारह फीसद की जगह अठारह फीसद की श्रेणी में डाल दिया गया है। इससे कागज के मूल्य में करीब छह फीसद की वृद्धि हो जाएगी। नतीजा यह कि कापी-किताबें महंगी हो जाएंगी। इसका सीधा असर शिक्षा पर पड़ेगा।

ऐसे में कागज को अठारह फीसद के स्थान पर पांच फीसद की श्रेणी में लाना जरूरी है। इसके अलावा भी जो वस्तुएं आम जनजीवन के लिए जरूरी हैं, उन्हें भी पांच फीसद की श्रेणी में रखने की आवश्यकता है। जीएसटी में नए सुधारों के परिप्रेक्ष्य में यह देखना बहुत जरूरी है कि इसके अंतर्गत दी गई कर छूट का लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचे। इसके लिए सरकार ने जो भी प्रावधान किए हैं, उनके अनुपालन और निगरानी की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

# त्वरित, कठोर और समयानुकूल निर्णय क्षमता ही है नरेन्द्र मोदी की पहचान

मार्निंग कंसल्ट की वैश्विक मंच पर लोकप्रियता के ताजातरीन सर्वे में एक बार फिर 75 वर्षीय नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की लोकप्रियता या यों कहें कि एप्रूवल रेट 75 प्रतिशत रही है। यह विश्व के अन्य नेताओं की तुलना में कहीं अधिक है तो दूसरी और पिछले दिनों प्यू रिसर्च की रिपोर्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भरोसा जताने वाले केवल 40 प्रतिशत लोग ही रह गए और इनमें भी केवल मात्र 15 फीसदी ही ऐसे लोग है जो पूरी तरह से ट्रंप पर भरोसा कर रहे हैं। चुनाव के समय 81 प्रतिषत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकीयों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकीयों को तो ट्रंप पर अब बिलकुल भी भरोसा नहीं रहा है। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि मार्निंग कंसल्ट के इस सर्वे में दूसरे पायदान पर रहने वाले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति लीजे म्यूंग को 59 प्रतिशत और अर्जेटिना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई को 57 प्रतिशत का एप्रूवल मिला है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एप्रूवल देश में ही नहीं विदेशों में भी एक दंबग नेता और साफ सुथरी छवि के कारण है। इसके साथ ही कूटनीति, तकनीक, रक्षा, अर्थव्यवस्था और किसी के सामने नई झुकने की जीद ने और अधिक लोकप्रियता बढ़ा दी है। सबसे खासबात यह है कि विरोधी चाहे कितना भी शोर मचाये इसमें कोई दो राय नहीं और इससे भी बढ़कर कि आपरेशन सिन्दुर को लेकर देशवासियों और विदेशियों किसी को भी नरेन्द्र मोदी और सेना के कथन पर किसी तरह का कोई संदेह नहीं है। देर सबेर और गाहे बेगाहे पाकिस्तान तक ऑपरेशन सिन्दुर की टीस को व्यक्त कर ही देता है। ऐसे में विरोधियों द्वारा ऑपरेशन सिन्दुर पर जिस तरह से नकारात्मकता व्यक्त की जाती हैं वह कहीं ना कहीं मोदी और मोदी सरकार की विश्वसनीयता को और अधिक बढ़ाने में ही सहायक है। यह बात इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि नरेन्द्र मोदी अपनी जीवन की अमृतवेला मना रहे है। 75 साल के नरेन्द्र मोदी जिस अदम्य साहस और दृढ़ता का परिचय दे रहे हैं और खासतौर से जिस तरह से अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के आगे झुकने से पूरी तरह नकार कर लगता है अब तो ट्रंप को ही झुकने को मजबूर होने जैसे हालात कर दिए हैं। ट्रंप शायद भूल गए कि यह आज का और मोदी का हिन्दुस्तान है।

आज मोदी के भारत को दुनिया का कोई देश या दुनिया का कोई नेता हल्के में नहीं ले सकता। इसका कारण भी है भारत आज आंख में आंख डाल कर बात करने की हैसियत रखता है। ट्रंप की बौखलाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है। दरअसल आज के दौर में वैश्विक नेता के रुप में बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। अच्छे बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद हो ही नहीं सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकटों का दौर चलना है। पर यह भी समझ लेना होगा कि दुनिया के लोग ट्रंप जैसे अंहकारी, तुगलकी निर्णय करने वाले, गली मौहल्ले के दादाओं जैसे व्यवहार करने वाले और अपने नासमझी भरे निर्णयों और फिर उन निर्णयों पर मुहं की खाने वाले नेताओ को भी पसंद नहीं करते। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना प्रत्यालोचना या आगा पीछा सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। और इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरे उतरे हैं।

जहां तक देश और देश में मोदी विरोधियों की बात है तो यह भी अब तक साफ हो गया है कि मोदी के विरोध में जो जो नारे गढ़े गए या अभियानों में जो मोदी विरोध की आवाज बने वह सब विरोधियों पर ही भारी पड़े है। इसकी शुरुआत 2007 में गोदरा कांड के बाद चुनाव के बाद का नारा मौत का सौदागर हो या आज चौकीदार चोर है सभी नारे उल्टे पड़े हैं और देशवासियों ने इन्हें सिरे से नकारा है। चौकीदार चोर है का उत्तर देते हुए स्वयं मोदी ने इसका उपयोग मैं भी चौकीदार का जबावी नारा देकर उत्तर दिया। नारों की यह एक लंबी फेहरिस्त है जिससे देशवासी अवगत है। अब आज वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाकर या संविधान बचाओं का नारा देकर मोदी विरोध में हवा बनाने व बिहार आदि के चुनाव जीतने का सपना पाल रहे हैं पर कहीं पहले की तरह सेल्फ गोल ही साबित ना हो जाये इससे नकारा नहीं जा सकता। राममंदिर, कश्मीर में धारा 370 हटाने, कश्मीर युवाओं को मुख्यधारा में लाने, ऑपरेशन सिन्दुर, एयर स्ट्राइक, जनधन खाते, डिजिटल भुगतान, जन औषधी केन्द्र, आयुष्मान योजना, गिग इकोनोमी, रक्षा आयुधों का देश में ही उत्पादन व निर्यात, एमएसएमई सेक्टर, स्टार्टअप, यूनिकोर्न, विदेशी निवेश, सडक परिवहन विकास, आदि आदि सभी क्षेत्रों में विकास का जो दौर दिखाई दे रहा है यह ठोस और त्वरित योजनावद्ध निर्णयों का ही परिणाम है। यह तो केवल बानगी मात्र है। आज आतंकवादी गतिविधियां लगभग समाप्त हो गई, नक्सलवादी गतिविधियां दिखाई नहीं दे रही हैं, सांप्रदायिकता पर रोक लगी है, पत्थरबाजी नहीं दिखती, सपाट यातायात दिखाई दे रहा है यह और इसके अलावा भी बहुत कुछ सामने हैं।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि विश्वसनीयता एक दिन में या एक काम से नहीं बनती। इसके साथ ही केवल व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने से भी कोई खास हासिल नहीं हो सकता। अच्छे को अच्छा और बुरे को बुरा कहने की आदत डाले तो शायद आमजनता में अधिक प्रभावी तरीके से अपनी बात रख कर लोगों को अपने पक्ष में किया जा सकता है। जब राष्ट्रीय अस्मिता पर और सेना के पराक्रम को प्रश्नों में उभारा जाता है तो लाख कमियों के बावजूद सच्चा राष्ट्रप्रेमी नागरिक इसे स्वीकार नहीं पाता। यही कारण है कि मोदी जी को जितना निशाना बनाया जाता है मोदी उस निशाने से और अधिक निखार के साथ उभरते आ रहे हैं। आज जब ट्रंप भारत की अर्थ व्यवस्था को नकारते हैं तो यह देशवासियों के गले उतरने वाली बात नहीं होती। इसी तरह से जब ऑपरेशन सिन्दुर पर प्रश्न चिन्ह उठाया जाता है तो आमजन इसे देश के खिलाफ आवाज और सेना के असम्मान के रुप में देखता है। जब संविधान की प्रति उठाकर संविधान बचाओ की बात करते हैं तो उनकी सरकार के समय ही संसद से पास अधिसूचना को सार्वजनिक रुप से फाड़ने को याद करते हैं। जीएसटी को लेकर प्रश्न उठाते हैं तो आज इससे मिल रही राहत को जनता कैसे नकार सकती है। इसलिए सकारात्मक विरोध के साथ आगे आकर ही मोदी और मोदी की नीतियों का पार पा सकते हैं।

संसद और विधानसभाओं में गतिरोध का दौर चलता है, खुली चर्चाएं हो नहीं पाती, सत्र सालों साल छोटे होते जा रहे हैं। आधी आधी रात तक होने वाली चर्चाएं अब बीते दिनों की बात हो गई है तो ऐसे में केवल आरोप प्रत्यारोप के भरोसे मोदी पर जीत की बात करना बेमानी होगा। दूसरी बात यह कि हम बड़ी लकीर खींच कर ही दूसरी लकीर को छोटी बता सकते हैं हो इसका उल्टा रहा है और प्रयास लकीर से ही छेड़ छोड़ कर छोटी दिखाने के प्रयास किये जाते हैं तो यह गले नहीं उतरती। यह सब समझने वाली बात हो गई है। मोदी जी की अमृत वेला में शतायु होने की कामना के साथ आज देश उनकी और देख रहा है। ऐसे में मोदी जी के नेतृत्व और निवृति की बात करना पूरी तरह से बेमानी होगी। देश को अभी मोदी जी और उनके जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है जिससे आजादी के शताब्दी वर्ष तक देश विश्व की सबसे बड़ी ताकत बन कर उभर सके।

# जब डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां भारत के ख़िलाफ़ हैं तो फिर मोदी की नीतियां अमेरिकी हितों पर चोट क्यों न दें?

जब भारत के गांवों में किसी से विवाद बढ़ने पर और घात-प्रतिघात की परिस्थितियों के पैदा होने पर पारस्परिक हुक्का-पानी या उठक-बैठक, खान-पान बन्द करने के रिवाज सदियों से चलते आए हैं, तो फिर वैश्विक दुनियादारी में हमलोग इसे लागू क्यों नहीं कर सकते, ताकि हमारे मुकाबिल खड़े होने वाले देशों को ठोस नसीहत मिल सके। वहीं, अक्सर यह भी कहा जाता है कि जो ज्यादा तेज बनता है वह तीन जगहों पर बदबू फैलाता है। जबकि चतुर व्यक्ति की कोशिश रहती है कि वह तीनों जगहों पर अपनी गमक व महक छोड़े। अव्वल दर्जे पर रूस, अमेरिका और चीन, के साथ भारतीय सम्बन्धों पर, फ्रांस, इजरायल, जापान जैसे दूसरे दर्जे के महत्वपूर्ण देशों के साथ भारतीय सम्बन्धों पर, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया जैसे तीसरे महत्वपूर्ण देशों के साथ भारत के सम्बन्धों पर भी यही बात लागू होती है।

यूँ तो पड़ोसी देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, मुस्लिम बहुल अरब देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, आशियान देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, जी-सेवन, ब्रिक्स, जी-20, एससीओ, नाटो, मध्य एशिया, यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया से जुड़ी लुक ईस्ट की नीतियों या फिर संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़े भारतीय नीतियों के दृष्टिगत हमारी गुटनिरपेक्ष सोच सदैव सराहनीय रही है, लेकिन जब हम अपने वैश्विक संरक्षक रूस के साथ, दुःख के दोस्त/मददगार इजरायल के साथ खुलेआम खड़े होने से हिचकते हैं तो कहीं न कहीं अशांति को प्रश्रय देते हैं और भारत के साथ मित्रता का छल रचने वाला अमेरिका यही तो चाहता है।

अमेरिका, यूरोप को साथ लेकर जब भी रूस को दबाना चाहे तो हमें खुलेआम रूस के साथ खड़ा होना चाहिए, ताकि अमेरिका संभल जाए। इसी प्रकार जब इजरायल को अरब देश दबाना चाहें तो हमें इजरायल को संरक्षण देना चाहिए, ताकि अरब देश सुधर जाएं। इसी प्रकार जब चीन भारत के पड़ोसियों में दिलचस्पी ले, आशियान देशों, अरब देशों, यूरोपीय देशों, अफ्रीकी देशों में अपनी पैठ बढ़ाए तो जापान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील को साधकर संतुलित प्रतिरक्षात्मक नीति अपनाए। क्योंकि अमेरिका और चीन हमारे साथ शत्रुतापूर्ण चालें हमेशा चलते रहेंगे। पाकिस्तान परस्त तुर्की, अमेरिका परस्त सऊदी अरब आदि कभी हमारे स्वाभाविक मित्र नहीं हो सकते। इसलिए वैश्विक कूटनीति में रूस, इजराइल, जापान, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी आदि देशों के कूटनीतिक व प्रतिरक्षात्मक महत्व हैं, जिसके दृष्टिगत ही हमें कोई भावी कदम बढ़ाने चाहिए।

इसके लिए हमें पाकिस्तान और बंगलादेश जैसे इस्लामिक दुश्मनों के दिनदहाड़े सफाए की योजना हमें बनानी पड़ेगी। अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव, कम्बोडिया, थाईलैंड आदि पड़ोसी देशों को दुनियावी लाभ देकर पटाये रखना चाहिए और इन्हें भारतीय परिसंघ में शामिल करने योग्य कूटनीति अपनानी चाहिए। जिस तरह से रूस (यूएसएसआर) विरोधी नाटो की तर्ज पर इजरायल विरोधी इस्लामिक नाटो बना है, उसके दृष्टिगत हिन्दू और बौद्ध बहुल देशों को एकजुट करके भारतीय परिसंघ बनाना होगा, ताकि जब अमेरिका या चीनी इशारे पर भारत के खिलाफ इस्लामिक देश एकजुटता दिखाएं तो दक्षिण-पूर्व एशियाई बौद्ध देश भारत की मदद करें। इसी नजरिए से चीन से भी चतुराई पूर्वक सम्बन्ध बनाए रखना भारत के हित में होगा। वहीं, इजरायल को सहयोग देकर इनके मन में भय बनाए रखना होगा कि भारत अकेले नहीं है। हमारी विशाल आबादी और रूसी-इजरायल तकनीकी सहयोग दुनिया के किसी भी हिंसक गठबंधन पर भारी पड़ेंगे।

कहना न होगा कि एक ओर जहां चीन-भारत से निपटने के लिए अमेरिका ईसाई, यहूदी और इस्लाम को एकजुटता प्रदान करने वाले अब्राहम परिवार को बढ़ावा दे रहा है, वहीं, पाकिस्तान के सहयोग से इस्लामिक देशों को एकजुट करके भारत को भयभीत रखना चाहता है। चूंकि पाकिस्तान पर चीन का हाथ है, अमेरिका विरोधी ईरान से चीनी सांठगांठ है, इसलिए भारत को अतिशय सावधान रहने की जरूरत है। जिस तरह से अमेरिका ने रूसी तेल खरीददारी के दृष्टिगत भारत पर अप्रत्याशित तरीके से टैरिफ बढ़ाकर मित्रघाती होने का परिचय दिया, उसी तरह से अब ईरान के भारतीय हित वाले चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से दी गई छूट वापस ले ली है। भले ही ऐसा करके ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बनाना चाहता है, लेकिन इससे भारत को भी बड़ा झटका लगेगा। देखा जाए तो 50 प्रतिशत टैरिफ थोपने के बाद अमेरिका का यह एक और भारत विरोधी कदम है, जिससे चीन को परोक्ष मदद मिलेगी और भारतीय हितों को चोट पहुंचेगी।

देखा जाए तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता संभालने के साथ ही चाबहार को मिली छूट खत्म करने के एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिए थे। पर अब आगामी 29 सितंबर से इसे लागू करने का आदेश जारी हुआ है। इसके बाद अगर कोई कंपनी या संस्था चाबहार के संचालन में शामिल होती है, तो उस पर भी अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। यह भारतीयों के दूरगामी हितों के खिलाफ दूसरी महत्वपूर्ण कार्रवाई है। उसमें भी खास बात यह कि भारत इस बंदरगाह (पोर्ट) पर अरबों रुपये का निवेश कर चुका है और यहां एक टर्मिनल भी बना रहा है। लेकिन अब अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से उसके लिए यहां काम करना मुश्किल हो सकता है। इससे भारत का निवेश भी डूब सकता है।

सच कहूं तो ईरान के चाबहार पोर्ट का मामला भी बहुत कुछ रूसी तेल जैसा है। जब यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर अमेरिका दबाव नहीं बना पाया, तो उसने तेल के व्यापार पर भारत और चीन पर दोष डालना शुरू कर दिया। यही कहानी ईरान के साथ है। पिछले दिनों इस्राइल-ईरान टकराव और उसमें अमेरिकी दखल के बावजूद तेहरान झुकने को तैयार नहीं हुआ था, तो अब मैक्सिमम प्रेशर की बात कही जा रही है। चाबहार पर बैन उसी अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है। यह भी रूस जैसा मामला ही है और ईरान के साथ रूस और भारत दोनों के सम्बन्ध बेहतर हैं। इसलिए अमेरिका ने इसे अपना दूसरा निशाना बनाया है। इससे जाहिर है कि अमेरिका निज लक्ष्यप्राप्ति के लिए हरसंभव दांव चलेगा और भारत अमेरिकी भूलभुलैया में आज नहीं तो कल अवश्य फंसेगा!

कहना न होगा कि भारत के लिए चाबहार पोर्ट का रणनीतिक और कारोबारी महत्व है। भारत के लिए चाबहार बंदरगाह की अहमियत व्यापार से अधिक रणनीतिक यानी प्रतिरक्षात्मक है। यह पोर्ट उसे पाकिस्तान को बाईपास कर सीधे अफगानिस्तान, मध्य एशिया तक पहुंच देता है। वहीं, चाबहार पोर्ट उस इंटरनैशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का अहम हिस्सा है, जिसकी शुरुआत भारत, रूस और ईरान ने मिलकर की थी। यदि इसे सड़क और रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाए, तो यह कॉरिडोर सीधे यूरोप तक पहुंचने का आसान, सस्ता और छोटा रास्ता देता है।

वहीं, परिवर्तित अमेरिकी नीति में चीन का फायदा दृष्टिगोचर हो रहा है। क्योंकि चाबहार पोर्ट पर बैन से भारत या ईरान नहीं, बल्कि खुद अमेरिका पर भी असर डाल सकता है। क्योंकि इस पोर्ट को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का जवाब माना जा रहा है, जो चीन के महत्वाकांक्षी बीआरआई प्रॉजेक्ट का हिस्सा है। ऐसे में यदि इस क्षेत्र से भारत हटा, तो सीधा फायदा चीन को होगा। इससे वॉशिंगटन की वजह से पेइचिंग को रणनीतिक व्यापारिक बढ़त मिल जाएगी। इसलिए यह ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की सबसे बड़ी खामी कही जाएगी कि विरोधियों पर पकड़ बनाने की उसकी हर कोशिश उसके ही दोस्तों को नुकसान पहुंचाती है। लगता है कि वह अब ठान चुका है कि अमेरिका की कीमत पर किसी को आगे नहीं बढ़ने देगा, अंजाम चाहे जो भी हो। भारत को इससे ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है।

# मुकुट पूजा के साथ शुरू हुई सुरियावाँ की प्रसिद्ध रामलीला

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। सुरियावाँ रामलीला मैदान के प्रांगण रविवार की रात मुकुट पूजन के साथ सुरियावाँ की ऐतिहासिक रामलीला शुरू हो गयी। विघ्नहर्ता की वैदिक मंत्रों के बीच पूजा आराधना की गई। ने कराई। झाल मंजीरा और मृदंग की थाप गूंऔर रामायणी दल ने गाइये गणपति जग वंदन... के साथ मानस के प्रसंगों में दोहों का गायन किया। मुकुट पूजा में रामलीला के सभी मुकुट को एक स्थान पर सजाकर रखा गया था। मुकुट पूजा के बाद उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। रामलीला समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता 'कलाकार ' ने बताया कि श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं।

उनकी लीलाओं के दर्शन करने से ही ज्ञान और शक्ति प्राप्त होती है। रामलीला के महामंत्री अवधेश उमर ने बताया रामलीला के छठवाँ दिन के शोभा यात्रा (राम बारात) का विशेष महत्व है, और ऐतिहासिक रामलीला के लिए इस वर्ष 'श्रीधाम' वृन्दावन के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का सुन्दर मंचन किया जायेगा! मुकुट पूजा के अवसर पर अवधेश उमर, छेदी लाल साहू जी, अश्वनी साहू जी, अशोक उमर जी, नन्द लाल गुप्ताजी, लोकेश सेठ जी, रमाकांत गुप्ता जी, रामेश्वर प्रसाद उमर जी, मनोज मोदनवाल लवकुश, ठाकुर प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।



# सुबह उठना स्वास्थ्य के लिए अच्छा - विजय सरोज

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई।

क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और कहा कि हमारा लक्ष्य पूरे भदोही को स्वस्थ और पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है । गांव हो या नगर भदोही साइकलिंग क्लब हर गली मोहल्ले में जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

साइकिल यात्रा आरंभ होकर पड़ाव, कौलापुर, चकपरौना, सुजातपुर, धनापुर दक्षिणी, बिहरोजपुर होते हुए केदारपुर ग्राम पंचायत सचिवालय पहुंची।

वहां पहुँचने पर केदारपुर के ग्राम प्रधान विजय सरोज बड़ी संख्या मे अपने समर्थकों के मौजूद रहें और सभी साइकिल चालकों का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी को सुबह उठना चाहिए योग व्यायाम कोई खेलकूद अवश्य करना चाहिए




जिससे सभी स्वस्थ रहें। आसपास के काम साइकिल से या पैदल करें इससे हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और हमारे शरीर का योग व्यायाम भी होता रहेगा।

साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर केदारपुर, बेरासपुर के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय केदारपुर मे इसका समापन हुआ ।

साइकिल यात्रा में राम श्रंगार चौधरी, जगदीश यादव, सरफराज अहमद, कमलेश कश्यप, मैनुद्दीन, बनारसी बिंद, महमूद आलम, प्रमोद मौर्या, अबरार हाशमी, विराट चौधरी, इमरान अहमद, कार्तिक सुनील, समीर शेख, सुंदरम चौधरी, इम्तियाज अहमद, अजीत यादव, अबू हुरैरा, जिगर गुप्ता, फरियाद अली, हिमांशु चौधरी, फैज शेख, मैनू अली, अजहान खान, शहजादे, विकास यादव, अजय कुमार, विनय यादव, श्रीधर यादव, अरविन्द, हृदय नारायण, हर्ष सरोज, अवधेश कुमार, जन्मेजय सरोज, आशीष यादव, अनिल यादव, अहम कुमार, अनिकेश, अंशुमन, करिया, प्रखर सरोज, अंशू, आयूष, अंकुश, बादल समेत आदि रहे।

## थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत चकभौरा, नरथूआ ग्राम में एक खंडहरनुमा कमरे में करीब 01 वर्षीय की बच्ची का मिला शव मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, दिए जांच के आदेश

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। शिवरात्रि को थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत चकभौरा, नरथूआ ग्राम में एक खंडहरनुमा कमरे में करीब 01 वर्षीय बच्ची का शव मिलने के संबंध में अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही एवं शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा क्षेत्राधिकारी औराई सहित पुलिस टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया गया है। पुलिस टीम गठित कर प्रकरण का साक्ष्य संकलन व स्थानीय लोगों से पूछताछ हुए घटना के कारण की जानकारी की जा रही है। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा करने सहित पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।



# मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज व अमिलौरी का किया आकस्मिक निरीक्षण

## चिकित्सा अधिकारी सहित कई कर्मचारी आए गए अनुपस्थित पाए गए अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी, इंद्र भूषण पांडेय र्टे अनुपस्थित पाए गए मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा माह सितंबर 2025 का 07 दिवस का वेतन बाधित किया गया कैंपस के अंदर बड़े-बड़े जंगली घास उगे हुए थे, तत्पश्चात अपराह्न 2:35 पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमीलौरी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कैंपस के अंदर बड़े-बड़े जंगली घास उठे थे जिसे तीन दिवस के अंदर सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया प्रभारी चिकित्सा अधिकारी वह सभी कर्मचारी कमलेश राय को छोड़कर सभी मौजूद पाएंगे मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा वार्ड बॉय वैश्य अहमद, स्वीपर गुलफाम अहमद व कमलेश राय का माह सितंबर 2025 का साथ दिवस का वेतन बाधित किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जब तक स्वीपर वह वार्ड बॉय मुख्यालय पर रहकर निवास का प्रमाण पत्र डॉ राजन शर्मा द्वारा नहीं दिया जाता तब तक उनका वेतन आहरित नहीं किया जाएगा।




## 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम का हुआ अयोजन

भदोही। जनपद भदोही में निदेशक महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के आदेशानुसार स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत दिनांक 17.09.2025 से 02.10.2025 तक 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम का अयोजन किया जाना है। सामुदायिक स्वास्थ्य डीग, केवटही में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ममता सिंह द्वारा विशेष जागरूकता शिविर का अयोजन किया गया। रेशमा भारती ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड व सामान्य), पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेन्टर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाईन एवं टोलफ्री नं0-181 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरानसतेंद्र पाण्डेय ममता सिंह, रेशमा भारती, प्रियंका गुप्ता, आनन्द कुमार मौर्या, मो0 कैफ एवं काफी संख्या में छात्रायें उपस्थित रहीं।

# विद्यालयों के रसोईओ की मांग पर ओएस्टर मशरूम की तहरी बनाने का हुआ प्रशिक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। एफ पी ओ वैदिक एग्री प्रोडूसर कंपनी लालानगर द्वारा ज्ञान पुर ब्लाक के सभी विद्यालयों के रसोईओ की बहुत दिनों से चल रही मांग को देखते हुए, दो पखवारे से ओएस्टर मशरूम की तहरी बनाने की बिधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज प्रा.विद्यालय सोबरी ज्ञानपुर भदोही में उस न्याय पंचयात सभी रसोइओं को ओएस्टर मशरुम की तहरी बनाने की बिधि एवं बच्चों को तहरी खिलाए जाने से लेकर, मशरूम के सेवन से सेहद के लिए फायदे की जानकारी दी गयी।प्रा. विद्यालय सोबरी के सभी बच्चों को मशरुम की बनी तहरी खिलाया गया। सभी बच्चे बड़े रूचि पूर्वक खाए।

बतादें कि जिले में ओएस्टर मशरुम पर कार्य करने वाली सबसे अग्रड़ी एफ पी ओ वैदिक एग्री प्रोडूसर कंपनी लालानगर के सी ई ओ राहुल त्रिपाठी लगातार गाँव की महिलाओं को घर पर ही कुछ समय देकर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विगत तीन साल से प्रयत्न शील हैं। जिले की महिलाओं को मशरूम उगाने के प्रशिक्षण से लेकर उसकी खरीद एवं मार्केटिंग तक उनकी मेहनत एवं लगन को देखकर जिले की पूर्व जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने उक्त मशरुम को जिले के औराई ब्लॉक के स्कूलों में मिड डे मील में तहरी में बनाकर बच्चों को खिलाने का निर्देश दिया था, जो पूर्ण रूप से सफल रहा।

इस सफलता को देखते हुए पूर्व जिलाधिकारी गौरांग राठी ने, ज्ञानपुर ब्लाक के सभी विद्यालयों में मशरुम खिलाने की अनुमति दी थी। वर्तमान जिलाधिकारी के आदेशानुसार ज्ञानपुर ब्लाक के सभी न्याय पंचायत (लगभग 12 ) के सम्पूर्ण प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के रसोईओं को पिछले 12 दिन लगातार वहां के नोडल शिक्षक संकुल के प्रयास से चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम अब समाप्ति की ओर है।

एफ पी ओ वैदिक एग्री के प्रतिनिधि दीपक यादव का उक्त कार्य में सहयोग सराहनीय रहा।



## विधायक ज्ञानपुर के गरिमामयी उपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारंभ-

भदोही। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस लाइन गेट ज्ञानपुर से विपुल दुबेमा0 विधायक ज्ञानपुर के गरिमामयी उपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संगीता दुबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली निकाली गई हैं। जिनमें पुलिसकर्मी, छात्राएं, महिलाएं और समाजसेवियों ने भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत करना है, इस रैली के माध्यम से महिलाओं और समाज को मिशन शक्ति के उद्देश्यों और संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है आज दिनांक 21.09.2025 को अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही के द्वारा आयोजित मिशन शक्ति फेज-5.0 महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली का नेतृत्व किया गया। इस रैली में शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही व ड्डश्री राजीव सिंह, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाईन ज्ञानपुर सम्मिलित रहकर पूर्ण सहयोग किया गया।जनपद के सभी थानों के मिशन शक्ति केन्द्र के कर्मियों व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण के साथ प्रतिभाग किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5.0महिला सशक्तिकरण विशेष अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यानाथ जी के लाइव सम्बोधन एवं शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को शसक्त बनाने एवं जागरुक करने हेतु दिनांक 21.09.2025 से दिनांक 21.10.2025 तक की अवधि में विषेश अभियान के तहत मिशन शक्ति फेज-5.0 को नियमित सुचारू रूप से चलाया जायेगा। मिशन शक्ति विशेष अभियानः उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में ''महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण व सम्मान'' के उदद्देश्यों के साथ ''मिशन शक्ति'' के रूप में वृहद अभियान के पहले चरण की शुरूवात 17 अक्टूबर 2020 को की गई थी। अभी तक 5 चरणों में इसका संचालन किया जा चुका है। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग, गृह, सहित 28 विभागों तथा समाज-सेवी संस्थायें तथा शैक्षणिक संस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। अभियान के प्रथम 4 चरणों में महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से 9 करोड़ से अधिक जन-सामान्य तक पहुंच कर उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों से अवगत कराया गया है ।

# बीयर की दुकान में चोरी मामले में बोलेरो मैक्स पिकप वाहन बिना नम्बर प्लेट व 18 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ 5 शातिर गिरफ्तार

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। थाना चौरी पर आवेदक नरेन्द्रनाथ पाण्डेय पुत्र स्व0 राम अचरज पाण्डेय नारायण कालोनी, ज्ञानपुर भदोही का अमवाकला, चौरी में कम्पोजिट शाप अंग्रेशराब एवं बीयर की दुकान है। दुकान में दिनांक 09/10.09.2025 की रात्रि लगभग 01 बजें दुकान का ताला तोड़कर 44 पेटी बीयर एवं 32 पेटी अंग्रेशराब साथ में काउन्टर से नकद राशि भी उठा कर ले गयें। दुकान में CCTV Camera भी लगा हुआ था। उसका DVR भी उठा कर ले गये। चोरी किये गये बीयर एवं शराब के मूल्य एवं नकद का विवरण अवलोकन के पश्चात सूचित करेंगे। उक्त सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-142/2025 धारा 305(1), 331(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित किया गया।

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन एवं शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.09.2025 को उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद ओझा, उ0नि0 गौतम कुमार, मु0आ0 अबरार अहमद, का0 अरविन्द कुमार, का0 सुरेश कुमार, का0 विकाश जायसवाल, का0 उत्कर्ष मय पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र रात्रिगस्त में कंधिया फाटक के पास मौजूद थें कि मुखबिर द्वारा सूचना दिया कि दिनांक 09/10.09.2025 की रात्रि में ग्राम अमवॉ कला स्थित अंग्रेशराब के ठेके के शटर को तोड़कर शराब व बीयर की चोरी करने वाले चोर, चोरी की गयी शराब व बीयर को बेचने की फिराक में ग्राम कछुआ बोझ की तरफ से कंधिया फाटक की तरफ आ रहे हैं। जो भदोही की तरफ जाने की फिराक में हैं। इस सूचना पर कछुआ बोझ रोड पर मेन रोड से करीब 100 मीटर आगे बढ़कर आने वाले वाहन का इन्तजार करने के दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन वाहन को रोकवाया गया। गाड़ी रूकते ही उसमें बैठे व्यक्ति भागना चाहें परन्तु वे मौके पर ही पकड़ लिए गये। पकड़े हुए व्यक्तियों से पूछा गया कि वाहन में क्या लदा है।

तो गाड़ी चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम संजय पाल पुत्र मंगला प्रसाद पाल निवासी ग्राम डुढ़वा धर्मपुर थाना भदोही जिला भदोही उम्र 21 वर्ष बताया जिसकी जामा तलाशी से 02 अदद मोबाइल फोन तथा 5200/- रूपये नगद बरामद हुआ। दूसरे व्यक्ति से पूछने पर अपना नाम सनी पाल पुत्र रामनरायन पाल निवासी ग्राम कल्लीपुर थाना मिर्जामुराद जिला वाराणसी उम्र 22 वर्ष बताया। जिसके पास से एक अदद एंड्राइव मोबाइल तथा 5500/- रू0 नगद बरामद हुआ। तीसरे व्यक्ति से पूछने पर अपना नाम अमन कुमार यादव पुत्र महाबली यादव निवासी बरमोहनी थाना भदोही जनपद भदोही उम्र 26 वर्ष बताया। जिसके पास से 4800/- रूपया नगद बरामद हुआ। चौथे व्यक्ति ने अपना नाम सोहन यादव पुत्र लवलीन यादव निवासी पिपरीश अधारपुर थाना भदोही जनपद भदोही उम्र लगभग 21 वर्ष बताया। जिसके पास से 6000/- रूपया नगद तथा एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। पाँचवें व्यक्ति से पूछने पर अपना नाम आलोक पाल पुत्र सरजू प्रसाद पाल निवासी ग्राम सिंधौरवा थाना जन्सा जनपद वाराणसी तथा मूल पता ग्राम देवरीकाट थाना घोरावल जनपद



सोनभद्र बताया। जिसके पास से 4500/- रूपया नगद तथा एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ ।

पकड़े गये पाँचो व्यक्तियों ने बताया कि इस गाड़ी में चोरी की हुई अंग्रेशराब व बीयर लदा है। जो हम पाँचों लोगों ने तथा हमारा एक साथी दया सरोज पुत्र आशाराम सरोज उर्फ लालसाहब निवासी ग्राम अस्ती थाना व जनपद भदोही के साथ मिलकर दिनांक 9/10.09.2025 की रात्रि में इसी गाड़ी से जाकर ग्राम अमवांकला के अंग्रेशराब की शटर का ताला तोड़कर दुकान से 44 पेटी बीयर तथा 32 पेटी अंग्रेशराब चुराकर तथा दुकान में रखे नगद 5000/- रुपये व ण्ण्ऊ कैमरे का अ्ँ चुराये थें। चुराये हुए शराब व बीयर इसी गाड़ी में लादकर अमवाखुर्द के रास्ते से घूमते हुए चौरी बाजार के पहले पाल तिराहा होते हुए जंसा की तरफ गयें। कुछ लोगों से बीयर व अंग्रेशराब को बेचने के लिए सम्पर्क किया परन्तु सम्पर्क न हो पाने पर हम लोगों ने चुराई हुई शराब व बीयर को अपने साथी सनी पाल के घर पर छुपाकर रखे थे। जहाँ से हमारा साथी दया सरोज चोरी की हुई अंग्रेशराब व बीयर की 08 से 10 पेटी बेचने के लिए ले गया था। तथा शेष माल का कुछ भाग को हम लोगों द्वारा धीरे-धीरे बेचा गया। चोरी का जो शेष माल बचा था उसको आज हम लोग बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर पाँचों बताया कि हम पाँचो तथा हमारा साथी दया सरोज मिलकर सम्पतियों को चुराते है। तथा उसे प्राप्त कर अभ्यस्ततः चोरी करके उसे बेचते हैं। हम लोग कई चोरी की घटनाएं कर चुके हैं।

# शंकराचार्य ने कहा हर हिन्दू गौरक्षक और गौरक्षा हमारा धर्म

**मंत्र भारत संवाददाता**

बांका। गौमाता के प्राणों की रक्षा व गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु अथक प्रयास कर रहे परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज सरकार द्वारा गोकशी रोकने के सार्थक प्रयास न होने से रूष्ट होकर बिहार चुनाव को प्रभावित कर नेताओं को सबक सिखाने के उद्देश्य से बिहार में गौमतदाता संकल्प यात्रा के अंतर्गत सभी जिलों में सनातनधर्मियों से संवाद स्थापित कर उन्हें गौमतदाता बनाने हेतु भ्रमण कर रहे हैं।उसी क्रम में आज बांका पहुचे पूज्यपाद शंकराचार्य महाराज ने गौमतदाता संकल्प सभा मे उपस्थित गौभक्तों की भारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए कहा कि गौहत्या बन्द करने की हमारी मांग नही सुनी जा रही है और 80 साल से बन रही सभी सरकारें गौहत्यारी है।बहुसंख्यक हिंदुओं की भावना के प्रतिकूल जाकर सरकारें बूचड़खाने को लाइसेंस दे रही हैं और गौहत्यारों को सब्सिडी देकर गौहत्यारों से चन्दा ले रही हैं।ऐसे नेताओं को वोट देने के कारण हम भी गौहत्या के पाप के भागीदार बनेंगे।गौहत्या की इंडस्ट्री में अथाह पैसा है जिसे पाने की लालच में नेता गौहत्या को बढ़ावा दे रहे हैं।

श्रीशंकराचार्य महाराज ने कहा कि समुद्र मंथन में निकले चौदह रत्नों में गौमाता भी हैं, ये भूमि एक तरह से गौमाता की उत्तपत्तिस्थल भी है।जिस घर मे गौमाता रहती हैं वहां के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।गौमाता के मूल स्थान बिहार की तीन गौप्रजाति बछौर, पूर्णिया और गंगातीरी धीरे धीरे विलुप्त होने की कगार पर हैं।6 वर्ष पहले बिहार सरकार के अनुसार इन प्रजाति के गौमाता की संख्या मात्र 1500 बची थी।तब से लेकर अबतक 6 वर्ष तक बीत चुके हैं, आप स्वतः अनुमान लगा सकते हैं कि गौमाता की कितनी दयनीय व चिंतनीय स्थिति है।भारत भूमि में मनुष्य जन्म केवल सत्कर्मों का ही नही अपितु भगवत्कृपा का भी परिणाम है।84 लाख योनियों में भटकते जीव को मनुष्य शरीर की प्राप्ति धर्मानुसार जीवन व्यतीत करने व गुरु-गौसेवा हेतु हुआ है।

भोगायतनं शरीरं भोग को भोगने के लिए शरीर की प्राप्ति होती है, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध आदि विषय का उपभोग बिना शरीर नही हो सकता।अन्य जीवों के शरीर और मनुष्य शरीर में यही अन्तर है कि बांकी शरीर से केवल फल भोगा जा सकता है, लेकिन मनुष्य शरीर से नए कर्म की किए जा सकते हैं।हमको पता है कि हम अपना भविष्य कैसे सुधार सकते हैं, लेकिन पशु को इसकी चिन्ता नही होती।हम अपने मनुष्य जीवन को गौसेवा करके सार्थक बना सकते हैं।हमारे पूर्वजों ने दूध के लिए नही बल्कि उनकी कृपा हेतु गौसेवा की।



उक्त जानकारी देते हुए श्रीशंकराचार्य महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि समुद्र मंथन के समय जिस मंदार पर्वत का वर्णन आता है उस पर्वत के सहित समुद्र मंथन से निकली कामधेनु गौमाता के मन्दिर का दर्शन परमाराध्य शंकराचार्य महाराज ने किया।साथ ही पापहारिणी कुंड जिसमें स्नान करके महाराज दिलीप स्वस्थ हुए थे उस कुंड के मध्य विराजित भगवान लक्ष्मीनारायण के मङ्गलमय दर्शन भी शंकराचार्य महाराज ने किया।मंच पर शंकराचार्य महाराज को अवधेश ठाकुर ने पगड़ी पहना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

बांका के देवाशीष पाण्डेय के आवास पर बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने शंकराचार्य महाराज का मङ्गलमय दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। शंकराचार्य महाराज ने सुजीत चौधरी को मिथिला क्षेत्र का प्रभारी घोषित किया तथा दीपक खेतान को अंग क्षेत्र का प्रभारी घोषित किया।बांका के मधुसूदन मन्दिर में आयोजित गौ मतदाता संकल्प सभा में दोनों के नाम की घोषणा की गई।पूज्यपाद शंकराचार्य महाराज ने आशीर्वाद स्वरूप दोनो लोगों को माला और उपवस्त्र प्रदान किया है

गौमतदाता संकल्प सभा मे प्रमुख रूप से सर्वश्री-प्रत्यक्चैतन्यमुकुंदानंद गिरी महाराज, देवाशीष ठाकुर, शिवकुमार, कोशल सिंह, नितिन पाण्डेय, हरीश केडिया, गोपाल चौधरी, दिलीप सर्राफ, अवधेश ठाकुर, नीलमणि झा, शैलेन्द्र योगी, सोनू चौधरी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभा का संचालन देवेंद्र पाण्डेय ने किया।

### यूपी में माफियाओं की कमर टूटी

# अब कानून का राज- विपक्ष पर जमकर बसरे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रविवार को कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज कायम है और संगठित अपराधी पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 17 साल पहले सपा सरकार के समय यूपी में अपराधियों का बोलबाला था, लेकिन भाजपा की सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति से माफियाओं की कमर तोड़ दी है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि आज अपराधी और माफिया जान की भीख मांग रहे हैं। सपा शासनकाल में यही अपराधी व्यापारियों से वसूली करते थे, प्लाट और दुकान कब्जाते थे और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में रहती थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने अपराध और भ्रष्टाचार पर सख्ती दिखाकर प्रदेश को सुरक्षित वातावरण दिया है।

ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष को चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत है तो निर्वाचन आयोग में क्यों नहीं जाते। जब ये कर्नाटक में जीतते हैं तो संवैधानिक संस्थाओं की तारीफ करते हैं, लेकिन हारते ही संस्थाओं पर सवाल उठाते हैं। यह जनता को गुमराह करने और अपना चेहरा चमकाने का तरीका है।



डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस को दशकों तक सत्ता मिली, लेकिन गरीबी नहीं हटी। जबकि मोदी सरकार में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। लोगों को पक्का मकान, शौचालय, बिजली, गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि और स्वास्थ्य सुविधाएं मिली हैं।

डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कमी पर डिप्टी सीएम ने कहा कि पहले प्रदेश में गिने-चुने मेडिकल कॉलेज थे। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज योजना से अब प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज काम कर रहे हैं। हाल ही में अमेठी में भी मेडिकल कॉलेज शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि बरेली में 300 बेड का अस्पताल तैयार है जिसे जल्द ही उच्चीकृत कर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में बदल दिया जाएगा। यहां मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

# जीएसटी रिफॉर्म से होगा नए रोज़गार का सृजन युवाओं के सपने लेंगे मूर्त रुप : सीएम योगी

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से न सिर्फ जरुरी वस्तुओं की कीमतों में कमी आयेगी बल्कि नये रोजगार का सृजन होने से युवाओं के सपने मूर्त रुप लेंगे। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है।

सीएम योगी ने कहा, इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गयी है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गयी है। यह घोषणा तीन सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितंबर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर खत्म हुयी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। उन्होने कहा ' जीएसटी रिफॉर्म से देश और प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। वहीं हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता बढ़ेगी, बाज़ार की ताकत बढ़ेगी, नए रोज़गार का सृजन होगा, व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और रोज़गार के नये अवसर पर भी मिलेंगे। यह गरीब को राहत के साथ सामान्य उपभोक्ता को हर प्रकार की सुविधा से आगे बढ़ाते हुए व्यापारी के कल्याण के मार्ग से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म से अवगत कराना होगा।'



सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर यानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक भाजपा पूरे देश भर में 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। इस सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त समाज' थीम के साथ किया। प्रधानमंत्री का स्पष्ट मानना है कि यदि नारी स्वस्थ होगी तो परिवार सशक्त होगा, समाज सशक्त होगा और राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। इसी सोच के आधार पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम पूरे देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# बीजेपी के वरिष्ट नेता के घर पर चला बुलडोजर बोले- आज मुझे यह सिला मिल रहा

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र में एक 19 साल के बच्चे की हत्या हुई थी वह मामला अभी शांत भी नहीं था कि अब बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी मेयर सिस्टम से तंग आकर अपने ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

दरअसल, उनका कहना था कि प्रशासन ने हमारी बरसों पुरानी दुकान पर ही बुलडोजर चलवा दिया। जैसे ही इसकी भनक पुलिस को हुई, तो मौके पर पहुंचे एसएसपी ने उन्हें समझा बूझाकर धरने से उठाया और अपने साथ चेंबर में ले गए।

बताया जा रहा है कि भाजपा के वरिष्ट नेता चिरंजीव चौरसिया की कोतवाली क्षेत्र में वर्ष 1980 से एक दुकान है। आरोप है कि यह दुकान उनकी जीविका का एकमात्र साधन है। जिसकी मकान मालिक गायत्री देवी थीं। उनकी मौत के बाद पूरी प्रॉपर्टी उनके लड़के के नाम ट्रांसफर हो गई। बीजेपी नेता का आरोप है कि गायत्री देवी का लड़का शराब का आदी है, जिसे बहला फुसलाकर कर दुर्गा प्रसाद जायसवाल ने अपने झांसे में ले लिया और धोखे से प्रॉपर्टी अपने नाम करा ली। जबकि 3:50 लाख रुपये मैंने उक्त दुकान के नाम पर पहले ही दे रखे थे और यह तय था की दुकान जब भी बिकेगी मुझे ही बेचेंगे।



शनिवार को आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा नेता एसएसपी से मिलने उनके ऑफिस पहुंचे थे लेकिन जब उनसे बात नहीं हुई तो कार्यकर्ता जमीन पर ही बैठ गए। इसकी सूचना मिलते ही सीओ कोतवाली ओंकार दत्त त्रिपाठी ने उन्हें उठाया। फिर एसपी सिटी के कक्ष में ले गए। बाहर खड़ी मीडिया से जब बातचीत हुई तब उन्होंने कहा कि मैं बहुत आहत हूं।

# बिरहा गायिका ने मां दुर्गा को लेकर कर दी गंदी-गंदी टिप्पणी!

### थंबनेल भी आपत्तिजनक, विरोध पर उतरा हिंदू संगठन

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली बिरहा गायिका सरोज सरगम के खिलाफ हिंदू संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मांग की है इस गायिका की गिरफ्तारी की जाए। दरअसल, उनका आरोप है कि सरोज सरगम ने अपने गाने में मां दुर्गा को लेकर गलत बातें कही है। उसने आपत्तिजनक टिप्पणी की है और यूट्यूब थंबनेल भी शर्मनाक है। इसके लिए उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

बता दें कि बिरहा गायिका सरोज सरगम मड़िहान की रहने वाली है। सरगन ने महिषासुर राक्षस को लेकर बिरहा गाना गाया है। आरोप है कि इस दौरान गायिका ने मां दुर्गा को लेकर विवादित टिप्पणी की है। मां दुर्गा को लेकर कई तरह की भद्दी टिप्पणियां करने की बात सामने आई है। विवादित गानों और विवादित यूट्यूब थंबनेल सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं। जिसके बाद लोग सरगन का जमकर विरोध कर रहे है।

मां दुर्गा पर टिप्पणी करने पर गायिका पर हिंदू संगठन काफी नाराज है। संगठन के कार्यकर्ता और नेता विरोध में उतरे है। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष माता सहाय मिश्र ने गायिका की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, पुलिस ने भी गायिका के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की पूरी जांच की जा रही है।



# नशे में टल्ली महिला ने पुलिस चौकी में मचाया हंगामा शरीर से कपड़े उतारकर फेंके, दारोगा से की अभद्रता

अगरा **(एजेंसी)**। शहर के ताजगंज थाना क्षेत्र स्थित विभव नगर चौकी पर गुरुवार रात एक असामान्य स्थिति उत्पन्न हो गई, जब एक महिला शराब के नशे में चौकी पहुंची और वहां जमकर हंगामा किया। हैरानी की बात यह रही कि महिला सिर्फ एक चादर में लिपटी हुई थी और चौकी पहुंचते ही उसने वह भी उतार फेंकी।बताया जा रहा है कि महिला लगभग 30 वर्ष की है और हाल ही में चौकी के पास एक मकान में किराए पर रहने आई थी। गुरुवार रात को पति से झगड़े के बाद वह अपनी छोटी बच्ची को साथ लेकर चौकी पहुंची। महिला शराब के नशे में थी और न केवल बाहर हंगामा किया बल्कि चौकी के भीतर एक दारोगा से भी उलझ पड़ी।

महिला का पति, जो पेशे से मजदूर है और उम्र में उससे काफी बड़ा (लगभग 55 वर्ष) बताया जा रहा है, ने बताया कि पत्नी को शराब पीने की आदत है जिससे परिवार में अक्सर झगड़े होते रहते हैं। घटना वाले दिन भी कुछ ऐसा ही हुआ। पति ने उसे शराब पीने से रोका, जिससे नाराज होकर वह चौकी पहुंच गई।

पुलिसकर्मियों ने स्थिति को गंभीर होता देख तुरंत महिला को ढंकने के लिए चादर दी और दो युवतियों की मदद से उसे चौकी के भीतर ले जाया गया। महिला का हंगामा लगभग आधे घंटे तक चला। बाद में उसका पति भी वहां पहुंचा और दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद पुलिस ने पति को घर भेज दिया। कुछ देर बाद महिला के लिए कपड़े लाए गए, जिन्हें पहनाने के लिए चौकी की लाइट बंद करनी पड़ी। हालांकि इसके बाद महिला फिर नाराज हो गई और पुलिस पर पैसों की मांग करने का आरोप लगाने लगी। पुलिस ने उसे शांत कराया और समझाने-बुझाने के बाद वह अपने पति के साथ वापस घर लौट गई।




# एच-1बीपर खड़गे के 'खोखले नारे' बयान पर भड़के पूर्व विदेश सचिव, किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल के बयानों का हवाला देते हुए विपक्षी दल कांग्रेस पर पलटवार किया है। रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने एच-1बीवीजा पर अमेरिकी सख्ती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया था। रिजिजू ने कहा कि राजनीति के लिए पर्याप्त समय और स्थान है, लेकिन जब बात राष्ट्रीय हितों की आती है, तो सभी को मिलकर भारत के लिए बोलना चाहिए।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने एच-1बी वीजा पर ट्रंप प्रशासन के कड़े रुख का जिक्र करते हुए कहा था कि पीएम मोदी को ट्रंप से जन्मदिन के फोन कॉल के बाद 'उपहार' के रूप में यह मिला है। उन्होंने मोदी और ट्रंप की 'पुरानी दोस्ती' पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'गले मिलना' और 'खोखले नारे' विदेश नीति नहीं होते। खड़गे के अनुसार, विदेश नीति का मतलब राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना और समझदारी व संतुलन के साथ दोस्ती निभाना है।

कांग्रेस अध्यक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि विदेशी धमकियों के खिलाफ एकजुट होने के बजाय, पीएम मोदी को दोष देना भारत के प्रतिरोध को कमजोर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप अपने सहयोगियों सहित सभी के साथ घिनौना व्यवहार कर रहे हैं। सिब्बल ने सवाल उठाया, 'क्या विपक्ष अमेरिका द्वारा हमारी विदेश नीति के विकल्पों पर निर्देशित होने से इनकार कर रहा है?' उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान की तरह ट्रंप की सद्भावना हासिल करने के लिए व्यापारिक सौदे नहीं किए। सिब्बल ने आगे कहा कि अगर ट्रंप अपने समर्थकों को खुश करने के लिए अमेरिका की उपलब्धियों को रद्द करना चाहते हैं, तो यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। उन्होंने विपक्ष से कहा कि घरेलू राजनीति के लिए एक गंभीर बाहरी चुनौती का फायदा उठाने की कोशिश करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, 'विदेशी दबाव के खिलाफ आंतरिक एकजुटता, उपहास के बजाय, राष्ट्रीय स्तर पर मददगार होगी।'



किरेन रिजिजू ने सिब्बल की पोस्ट को साझा करते हुए उन्हें एक 'अत्यधिक बौद्धिक और विद्वान राजनयिक' बताया, जिनके विचार तीखे और प्रासंगिक होते हैं। रिजिजू ने कहा कि वह सिब्बल के दर्द को समझ सकते हैं, जिसने उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष को ऐसी 'बेहतरीन सलाह' देने के लिए मजबूर किया।

एच-1बी वीजा के नए नियम में भारी शुल्क वृद्धि शामिल है, जिससे बड़ी संख्या में भारतीय तकनीकी विशेषज्ञों पर असर पड़ेगा। केंद्र सरकार ने इस कदम को 'मानवीय परिणाम' और 'परिवारों के लिए व्यवधान' पैदा करने वाला बताया है और उम्मीद जताई है कि अमेरिकी अधिकारी इन मुद्दों का उचित समाधान करेंगे।

# तेजस्वी यादव ने एक बार फिर पीएम मोदी की दिवंगत माता का किया अपमान, सम्राट चौधरी बोले- यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण

पटना **(एजेंसी)**। बिहार में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मी तेज होने के बीच भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को आरोप लगाया कि राजद नेता तेजस्वी यादव की 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां को गालियां दीं। पिछले महीने प्रदेश के दरभंगा जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के लिए बनाए गए मंच से एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के लिए कथित तौर पर अपशब्द कहे थे।

भाजपा नेता और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने 'एक्स' हैंडल से एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, ''तेजस्वी यादव ने एक बार फिर मोदी जी की दिवंगत माता का अपमान किया है।'' चौधरी ने लिखा, ''तेजस्वी ने बिहार की संस्कृति को फिर से तार-तार किया है। राजद कार्यकर्ता जितनी गालियां दे सकते थे, दे रहे थे और तेजस्वी उन्हें प्रोत्साहित कर रहे थे। बिहार की माताएं-बहनें इस गुंडागर्दी वाली मानसिकता और अभद्र व्यवहार का हिसाब जरूर करेंगी।'' भाजपा नेता ने आगे कहा, ''यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र का बड़ा अपमान है। क्या अब माताओं और बहनों का अपमान करना विपक्षी दलों की संस्कृति और हथियार बन गया है? बिहार की जनता इस गंदी राजनीति को भली-भांति समझती है और लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी।'' चौधरी ने आगे कहा, 'यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र का घोर अपमान है। क्या माताओं-बहनों का अपमान करना उनकी संस्कृति और विपक्षी दलों को जवाब देने का हथियार बन गया है? बिहार की जनता इस गंदी राजनीति को अच्छी तरह समझती है और लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी।



प्रदेश के एक अन्य उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, ''तेजस्वी यादव की यात्रा के दौरान एक बार फिर प्रधानमंत्री जी की दिवंगत माता के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गयाष्ठ और राजद नेता अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा रहे थेष्ठ यह चौंकाने वाला है। इससे उनकी मानसिकता उजागर होती है।'' हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि पंजाब केसरी नहीं करता है। बार-बार प्रयास करने के बावजूद, राजद का कोई भी पदाधिकारी इस मुद्दे पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हुआ।

# टावर पर चढ़कर सिरफिरा प्रेमी ने किया हाइवोल्टेज ड्रामा, प्रेमिका से शादी की जिद पर अड़ा

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के अम्बेडकर जिले में उस समय हड़कंप मच गया जब एक सिरफिरा प्रेमी टावर पर चढ़कर हाइवोल्टेज ड्रामा करने लगा। दरअसल, हरदोई जनपद का निवासी युवक अम्बेडकरनगर जनपद के भीटी थाना क्षेत्र की एक लड़की से प्रेम करता था। अपनी प्रेमिका को बुलाने के लिए सिरफिरा प्रेमी टावर पर चढ़ गया। टावर पर चढ़ने की सूचना पर आस पास के लोग इक्कठा हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुची भीटी थाना क्षेत्र कि पुलिस युवक को किसी तरह समझा बुझा कर नीचे उतारा गया तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।

आप को बता दें कि मामला अम्बेडकर नगर जनपद के भीटी थाना क्षेत्र के उमराव गांव का है। इसी गांव की एक लड़की से हरदोई जिले के बिलग्राम थाना क्षेत्र के बिन्नी गांव का निवासी युवक आकाश एक लड़की से बात चीत करता था। भीटी थाना क्षेत्र के उमरावा कि रहने वाली लड़की का जालन्धर जाते समय ट्रेन में आकाश से मुलाकात हो गई। दोनो एक दूसरे का मोबाइल नम्बर लेकर आपस में बात चीत करने लगे और एक दूसरे से प्रेम करने लगे।



युवक आकाश लड़की से विवाह करना चाहता था लेकिन लड़की का परिवार इसके लिए राजी नही हुआ तो आज सिरफिरा प्रेमी युवक अम्बेडकर नगर के अढ़न पुर गांव पहुच गया और लड़की से मिलने की जिद करने लगा। जब लड़की नहीं आयी तो मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर पर चढ़ने की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को काफी समझा बुझाकर घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नीचे उतारा। ये घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### भाजपा विधायक की बस ने खत्म कर दिया पूरा परिवार

# लाशें पहुंची गांव तो विरोध में लोगों ने कर दिया चक्काजाम

भोपाल **(एजेंसी)**। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में सांवेर रोड पर एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। विधायक गोलू शुक्ला की बस बाइक सवार एक परिवार को टक्कर मार गई। इस हादसे में दम्पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इलाज के दौरान उनके दोनों बच्चों की भी अस्पताल में जान चली गई। जिसके विरोध में आज सांवेर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया।

पुलिस ने इस मामले में बस ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया। शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। जब मृतकों की अर्थियां उनके गाँव पहुंचीं, तो पूरा गाँव शोक में डूब गया और हर आंख में आँसू थे। गुस्साए परिजनों और समाज के लोगों ने रविवार को सांवेर रोड स्थित अरविंद हॉस्पिटल के सामने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पूरे रोड को घेरकर धरना दिया और चक्का जाम कर अपनी नाराज़गी जताई। इस दौरान उन्होंने विधायक और उनकी बसों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। इस हादसे ने न केवल परिवार को बर्बाद कर दिया, बल्कि पूरे इलाके में आक्रोश और शोक की लहर दौड़ा दी।



# दिल्ली के स्कूलों में फिर दहशत का माहौल, बम की धमकी से मचा हड़कंप, मिड टर्म परीक्षा टली

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। राजधानी दिल्ली एक बार फिर से बम धमकी के साये में आ गई है। शुक्रवार सुबह जैसे ही शहर के कुछ स्कूलों को ईमेल के ज़रिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, वैसे ही स्कूल प्रशासन, अभिभावक और छात्र सकते में आ गए। पुलिस को सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया और संबंधित स्कूल परिसरों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, फिलहाल नजफगढ़ और महरौली के दो स्कूलों को निशाना बनाए जाने की खबर सामने आई है। हालांकि, ऐसी आशंका जताई जा रही है कि धमकी मिलने वाले स्कूलों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

हरकत में आई दिल्ली पुलिस और स्पेशल ब्रांच ने तुरंत बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को मौके पर रवाना कर दिया। अब तक की छानबीन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली कराकर जांच जारी है।

इस धमकी के कारण दिल्ली पब्लिक स्कूल (द्वारका) ने आज, 20 सितंबर 2025 को होने वाली कक्षा 3 से 12 तक की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। अभिभावकों को भेजे गए सर्कुलर में साफ तौर पर कहा गया है कि स्कूल को बंद किया जा रहा है और बच्चे जिस भी माध्यम से आए थे, उन्हें तुरंत वापस भेजा जा रहा है। स्कूल प्रशासन ने नई परीक्षा तिथियों की घोषणा जल्द करने की बात कही है।

यह पहला मौका नहीं है जब दिल्ली के स्कूलों को इस तरह की धमकी मिली हो। पिछले कुछ महीनों में बार-बार इसी तरह की फर्जी ईमेल धमकियां भेजी गई हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है और सुरक्षा एजेंसियों को बार-बार भारी संसाधनों में लगना पड़ रहा है। इससे पहले भी 12 सितंबर को दिल्ली हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, जिसमें कोर्ट परिसर में तीन बम लगाए जाने का दावा किया गया था। हालांकि, उस जांच में भी कोई विस्फोटक नहीं मिला।



# एशिया कप 2025 : 'दोनों टीमों में बहुत अंतर है', भारत-पाकिस्तान मैच से पहले वेंकटेश प्रसाद ने की भविष्यवाणी

हुबली (कर्नाटक) **(एजेंसी)**। भारत रविवार को दुबई में एशिया कप 2025 के अपने पहले सुपर 4 मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। यह हाई-प्रोफाइल मुकाबला ग्रुप चरण में पाकिस्तान पर भारत की शानदार जीत के बाद हो रहा है। हुबली से अपने विचार साझा करते हुए पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने सूर्यकुमार यादव की टीम के एक बार फिर दबदबे का समर्थन किया।

प्रसाद ने कहा, 'अभी भारत और पाकिस्तान के बारे में बात करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि दोनों टीमों में बहुत अंतर है। भारत हमेशा शीर्ष पर रहता है। भारत जरूर जीतेगा।' अपनी पिछली जीत की लय को बरकरार रखते हुए प्रशंसकों को इस बड़े मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ एक और दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है। अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद मई में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह दोनों देशों के बीच दूसरा मुकाबला है। भारत ने पहला मुकाबला एकतरफा जीता था, जिसमें उसने 7 विकेट शेष रहते 128 रनों का आसान लक्ष्य हासिल किया था और स्पिनर कुलदीप यादव ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' के रूप में 3/18 की शानदार गेंदबाजी के साथ अहम भूमिका निभाई थी, जिससे पाकिस्तान 127/9 पर ही सिमट गया था।

भारत-पाकिस्तान के बीच मैच ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी प्रतिद्वंदिता देखने को मिली, जब कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जीत के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ मिलाए बिना मैदान से बाहर चले गए। भारतीय कप्तान ने इस जीत को भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की। वहीं पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा मैच के बाद की प्रस्तुति में शामिल नहीं हुए और कोच माइक हेसन को प्रेस का सामना करने के लिए भेजा गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बाद में पाइक्रॉफ्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर 'आईसीसी आचार संहिता' और मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब के क्रिकेट भावना से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया।




संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने अगले मुकाबले से एक घंटे पहले पाकिस्तान ने टीम को होटल के कमरे से निकलने और बस में सवार होने से मना कर दिया। पीसीबी ने धमकी दी कि अगर पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट से नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। मैच एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया और पाइक्रॉफ्ट और पाकिस्तानी टीम के नेतृत्व समूह के बीच बैठक के बाद मैच आगे बढ़ा और पाकिस्तान ने जीत हासिल कर सुपर 4 चरण में प्रवेश किया। इसके बाद पाकिस्तान पर नियमों के उल्लंघन के आरोप भी लगे।

# दिल्ली के पूर्व क्रिकेटर मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के लिए तैयार

मुंबई **(एजेंसी)**। दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास अगले बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले, शनिवार तक, मन्हास अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र नाम थे, जो इस साल अगस्त में पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी के पद छोड़ने के बाद से खाली है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तब से अंतरिम रूप से इस पद पर कार्यरत थे। बीसीसीआई पदाधिकारियों में एक और क्रिकेटर के शामिल होने की संभावना है, कर्नाटक और भारत के पूर्व स्पिनर रघुराम भट कोषाध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। भट वर्तमान में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। मन्हास, जो अक्टूबर में 46 वर्ष के हो जाएंगे, जम्मू और कश्मीर क्रिकेट संघ के संचालन के लिए बीसीसीआई द्वारा नियुक्त उप-समिति का हिस्सा हैं।

जम्मू में जन्मे मन्हास 2015 में दिल्ली से जम्मू और कश्मीर चले गए थे और उसके अगले वर्ष सेवानिवृत्त हो गए। तब से उन्होंने विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में काम किया है, जिसमें बांग्लादेश पुरुष अंडर-19 टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के साथ-साथ आईपीएल टीमों किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के लिए भी काम किया है। भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जहां उन्होंने 9714 रन बनाए; 130 लिस्ट ए मैचों में 4126 रन बनाए; और 91 टी20 मैचों में 1170 रन बनाए।



मन्हास का नाम शनिवार को दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक में सामने आया, जिसमें बीसीसीआई के कुछ प्रमुख पूर्व और वर्तमान सदस्य शामिल हुए, जिनमें वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, शुक्ला, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और पूर्व बोर्ड सचिव निरंजन शाह शामिल थे। विभिन्न पदाधिकारियों के लिए चुनाव 28 सितंबर को मुंबई में होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में होने वाले हैं। हालांकि, रविवार के अंत तक नए नामांकन दाखिल नहीं किए जाते, तो दिल्ली बैठक में चर्चा किए गए नामों के अंतिम होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि सैकिया, जिन्होंने इसी जनवरी में जय की जगह बीसीसीआई सचिव का पद संभाला था, इस पद पर बने रहेंगे, जबकि शुक्ला भी उपाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के प्रभतेज भाटिया, जिन्हें जनवरी में कोषाध्यक्ष चुना गया था, गोवा क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव रोहन देसाई की जगह संयुक्त सचिव का पद संभालेंगे। सौराष्ट्र के पूर्व कप्तान जयदेव शाह को बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में शामिल किए जाने की संभावना है और वह मिजोरम के खैरुल जमाल मजूमदार की जगह लेंगे, जिनके आईपीएल गवर्निंग काउंसिल में शामिल होने की संभावना है।

# वैभव सूर्यवंशी ने फिर दिखाई अपनी पावर -हिटिंग, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाए चौके-छक्के

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले यूथ वनडे में भारत के 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपनी पावर-हिटिंग दिखाते हुए सहजता से चौके जड़ने का जलवा दिखाया। ओपनिंग करने उतरे सूर्यवंशी ने शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण पर हमला बोला औरचौके जड़े। उन्होंने सिर्फ 22 गेंदों पर 7 चौकों और एक गगनचुंबी छक्के की मदद से 38 रनों की पारी खेली। इस किशोर खिलाड़ी ने हेडन शिलर और चार्ल्स लैचमंड का डटकर सामना किया, जो शुरुआती ओवरों में दबाव में थे।

भारत को जीत के लिए 225 रनों की जरूरत थी, और सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने शानदार शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी के आउट होने के बाद म्हात्रे (6) और विहान मल्होत्रा (9) सस्ते में आउट हो गए, यानी भारत ने 100 रन का आंकड़ा पार करने से पहले ही 3 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया की पारी जॉन जेम्स की नाबाद 77 रनों की पारी के दम पर आगे बढ़ी, जिन्होंने शुरुआती विकेट गिरने के बाद निचले क्रम को संभाले रखा। हेनिल पटेल (3/38) और किशन कुमार (2/59) ने भारत की ओर से गेंदबाजी का नेतृत्व किया जबकि कनिष्क चौहान ने भी दो विकेट लिए।




मेजबान टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 225 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी गेंदबाजों पर हावी होने की अपनी क्षमता से एक बार फिर मुकाबले में आकर्षण का केंद्र बन गए। उनकी पारी के वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गए और प्रशंसक क्रीज पर इस युवा खिलाड़ी के कौशल का जश्न मना रहे थे। भारत का लक्ष्य अब मध्य क्रम के बल्लेबाज़ों पर है, लेकिन शुरुआती बढ़त सूर्यवंशी के नाम रही।

## श्रीलंका के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए नूर और मुजीब को मिले डिमेरिट अंक

दुबई **(एजेंसी)**। अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का उल्लंघन करने पर एक-एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया। यह घटना गुरुवार को अबु धाबी में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच के दौरान हुई।

नूर अहमद को आर्टिकल 2.8 का उल्लंघन करते पाया गया, जिसका मतलब है 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाना।' जबकि मुजीब पर आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन करने का आरोप लगा, जो 'क्रिकेट उपकरण, कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स का दुरुपयोग करने' से संबंधित है।

मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिये से स्टंप तोड़ दिए थे। नूर ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में असहमति जताई थी, जब अंपायर ने उनकी एक गेंद को वाइड करार दिया था। मैदान पर मौजूद अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, तीसरे अंपायर फैसल अफरीदी और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए। दोनों खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। गौर है कि अफगानिस्तान का एशिया कप अभियान श्रीलंका से छह विकेट से हारने के बाद समाप्त हो गया। उस मैच में नूर और मुजीब ने एक-एक विकेट लिया था।



# डिजिटल इकॉनमी के साथ बढ़ रहा ही डिजिटल फ्रॉड का खतरा, देखें हैरान करने वाले आंकड़े

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारत में डिजिटल इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है लेकिन इसके साथ ही डिजिटल फ्रॉड के मामले भी चिंताजनक स्तर तक पहुंच गए हैं। ठग अब हाई-टेक तरीके अपनाकर लोगों से करोड़ों रुपए ठग रहे हैं। सरकार और आरबीआई लगातार सख्ती कर रहे हैं, बावजूद इसके साइबर अपराधियों की चालाकियां नई-नई चुनौतियां खड़ी कर रही हैं।

हाल ही में गुरुग्राम की एक महिला 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम का शिकार हो गई और उसने 5.85 करोड़ रुपए गंवा दिए। सितंबर 2024 में कुछ ठगों ने खुद को कानून प्रवर्तन एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल किया और फर्जी आईडी दिखाकर महिला व उसके बेटे को जेल भेजने की धमकी दी। डर के माहौल में महिला ने पहले ही दिन 2.8 करोड़ रुपए और अगले दिन 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए।

साइबर क्राइम में कई बार बैंककर्मी की संलिप्तता भी सामने आई है। बेंगलुरु के एक बैंक कर्मचारी प्रताप केसरी प्रधान को हाल ही में हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोप है कि वह ळ स्मॉल फाइनेंस बैंक में कस्टमर रिलेशन ऑफिसर रहते हुए ठगों के लिए फर्जी अकाउंट खोलता और जानकारी व्हाट्सएप पर साझा करता था। आरबीआई भी इस बढ़ते खतरे को लेकर चिंतित है। आरबीआई चीफ संजय मल्होत्रा ने 27 जनवरी 2025 को बैंकों के सीईओ के साथ बैठक में कहा था कि डिजिटल स्कैम्स में पिछले दो सालों में करीब 2, 500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ठग ज्यादातर डर का माहौल बनाकर लोगों से पैसे ठगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग सतर्क रहें। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन कॉल पर गिरफ्तारी या कार्रवाई की धमकी नहीं देती। किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही, बैंक अलर्ट सक्रिय रखना भी बेहद जरूरी है ताकि हर ट्रांजेक्शन की जानकारी तुरंत मिल सके।



## भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता पर पूर्व क्रिकेटर का बड़ा बयान, पाकिस्तान ज्यादा टक्कर नहीं दे पाएगा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि भारतीय टीम ने पाकिस्तान के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता को कम नहीं आंका है। लेकिन पाकिस्तान ज्यादा टक्कर देने में सफल नही हुआ। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सुपर-4 मुकाबले को लेकर बयान आया कि उनका काम प्रशंसकों को एक ऐसा क्रिकेट मैच देना है जो देखने लायक हो।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'भारतीय टीम ने हाइप को कम नहीं आंका है। भारतीय टीम ने बस सच बोल दिया है। इसके बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। यह बिल्कुल सच है।'

उन्होंने आगे कहा, 'सूर्यकुमार यादव ने बस वही दर्शाया है जो भारतीय टीम के खिलाड़ी महसूस कर रहे थे। यही उनकी सच्चाई है, यही उनकी समस्या है और हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है।'

इससे पहले सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की प्रतिद्वंद्विता पर अपनी राय साझा की थी और बताया था कि टीम का ध्यान अच्छा क्रिकेट खेलने पर है। उन्होंने एशिया कप में अब तक टीम के शानदार प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला।

गौर है कि भारत ने अपने तीनों ग्रुप चरण के मैच जीतकर सुपर 4 चरण में प्रवेश कर लिया। टीम इंडिया ने अपने अभियान की शुरुआत यूएई पर 9 विकेट की शानदार जीत के साथ की, फिर पाकिस्तान के खिलाफ 7 विकेट से जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने ओमान के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप चरण के मैच में 21 रन से जीत हासिल की और ग्रुप ए में 6 अंकों के साथ शीर्ष पर रही।




# सितंबर के आखिरी सप्ताह कई दिन रहेंगे बैंक बंद, जल्दी से निपटा लें अपना जरूरी काम

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सितंबर 2025 के आखिरी सप्ताह में भारत के विभिन्न राज्यों में कई बैंक अवकाश घोषित किए गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अवकाश कैलेंडर 2025 के अनुसार, क्षेत्र-विशिष्ट छुट्टियों और सप्ताहांत बंद के कारण बैंकों की शाखाएं बंद रहेंगी। ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे नकदी जमा, चेक क्लियरेंस, ऋण आवेदन या अन्य शाखा-संबंधी कार्यों की योजना पहले से बना लें, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

सितंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में भारत में कई बैंक अवकाश होंगे, जिसमें 22 सितंबर को जयपुर, राजस्थान में नवरात्रि स्थापना और तेलंगाना में बथुकम्मा पुष्प उत्सव, 23 सितंबर को जम्मू-श्रीनगर में महाराजा हरि सिंह जी की जयंती और हरियाणा में वीर शहीदी दिवस के कारण बैंक बंद रहेंगे, जबकि 27 सितंबर कों̐द के नियमों के अनुसार चौथा शनिवार होने और 28 सितंबर को नियमित रविवार की छुट्टी के चलते देशभर में सभी बैंक शाखाएं बंद रहेंगी।

ग्राहकों को सुझाव दिया जाता है कि वे बैंक शाखा में जाने से पहले अवकाश की तारीखों की जांच कर लें। चेक जमा करने, बड़ी मात्रा में नकदी निकालने या ऋण आवेदन जैसे कार्यों के लिए पहले से योजना बनाना जरूरी है, ताकि किसी भी रुकावट से बचा जा सके। हालांकि, छुट्टियों के दौरान भी यूपीआई भुगतान, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहेंगी। धन हस्तांतरण, बिल भुगतान या अन्य आवश्यक लेन-देन बिना किसी परेशानी के पूरे किए जा सकेंगे।




जो व्यवसाय चेक क्लियरेंस, ऋण प्रसंस्करण या अन्य बैंक-संबंधी स्वीकृतियों पर निर्भर हैं, उन्हें इन अवकाशों के कारण देरी का सामना करना पड़ सकता है। कंपनियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने लेन-देन की योजना पहले से तैयार करें, ताकि आखिरी समय की परेशानियों से बचा जा सके।

हालांकि अधिकांश बैंक̐द की अवकाश सूची का पालन करते हैं, कुछ राज्य सरकारें क्षेत्रीय त्योहारों या विशेष आयोजनों के लिए अतिरिक्त छुट्टियां घोषित कर सकती हैं। ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए अपनी स्थानीय बैंक शाखा से संपर्क करें।

## लोढ़ा डेवलपर्स ने मुंबई में 24 एकड़ जमीन एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर्स को 500 करोड़ में बेची

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। रियल एस्टेट कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स लि. ने मुंबई क्षेत्र में 24 एकड़ से अधिक जमीन सिंगापुर की एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर्स को करीब 500 करोड़ रुपए में बेची है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भूमि सौदा पहले ही पंजीकृत हो चुका है। सूत्रों के अनुसार, सिंगापुर की कंपनी डेटा सेंटर सेवा प्रदाता एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर (एसटीटी जीडीसी) ने हाल ही में पलावा में 24.34 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है।

सूत्रों ने बताया कि लोढ़ा डेवलपर्स ने 1.74 एकड़ जमीन बेची है, जबकि उसकी अनुषंगी कंपनी पलावा इंडसलॉजिक 4 प्राइवेट लिमिटेड ने 22.6 एकड़ जमीन करीब 499 करोड़ रुपए में बेची है। इस महीने की शुरुआत में, लोढ़ा डेवलपर्स ने पलावा में हरित एकीकृत डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौता ज्ञापन में बताया गया है कि कुल प्रस्तावित निवेश 30, 000 करोड़ रुपए का होगा, जिससे 6, 000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।




# 'बिग बॉस' फेम ये मॉडल हुई ऊप्स मोमेंट का शिकार वीडियो वायरल होने पर लोगों ने किया ट्रोल

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के सीजन 18 में नजर आने वाली मॉडल कशिश कपूर एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। दरअसल, उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कशिश कपूर के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि वह पब्लिक प्लेस पर स्पॉट होती हैं और पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने लगते हैं। इस दौरान वह उप्स मोमेंट का शिकार हो जाती हैं और इसका वीडियो सामने आया है। इसके बाद लोगों ने कशिश कपूर को ट्रोल करना शुरू कर दिया।

शो 'बिग बॉस 18' की कंटेस्टेंट और मॉडल कशिश कपूर का एक वीडियो 'बॉलीवुड तड़का' के इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में कशिश कपूर नजर आ रही हैं और उन्होंने रेड कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है। कशिश कपूर किसी इवेंट में जाती हुए पैपराजी के कैमरे में कैप्चर हुईं और इस दौरान वह अपनी ड्रेस को सही करने के लिए खींचती हैं और वह ज्यादा ही खिसक जाती है। इसके बाद कशिश कपूर ऊप्स मोमेंट का शिकार हो जाती हैं और फिर उन्हें बताया जाता है तो वह ड्रेस सही करती हैं। कशिश कपूर का वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें ट्रोल किया जा रहा है।



कशिश कपूर को लेकर एक यूजर ने लिखा है, 'कैसे पागल लोग हैं।' एक यूजर ने लिखा है, 'कितनी गंदी है।' एक यूजर ने लिखा है, 'जानबूझकर खींचा है।' एक यूजर ने लिखा है, 'जब बिकिनी पहनकर घूमती हो तो क्या ही ऊप्स मोमेंट का शिकार।' बताते चलें कि इन दिनों शो 'बिग बॉस 19' का लोगों का एंटरटेनमेंट कर रहा है। सलमान खान के शो में कुनिका सदानंद, गौरव खन्ना, मृदुल तिवारी, अशनूर कौर, जीशान कादरी, नीलम गिरी, अमाल मलिक जैसे स्टार्स बतौर कंटेस्टेंट पहुंचे हैं।

# कल्कि 2989 ईस्वी सीक्वल से अलग होकर दीपिका पादुकोण ने थामी एसआरके का हाथ, 'किंग' के सेट से शेयर की दिल छू लेने वाली पोस्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अभिनेता शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म ''किंग'' की शूटिंग शुरू करने पर सोशल मीडिया पर दिल को छू जाने वाली एक पोस्ट लिखी। दीपिका और शाहरुख की यह छठी फिल्म होगी। इससे पहले उन्होंने ''ओम शांति ओम'' (2007), ''चेन्नई एक्सप्रेस'' (2013), ''हैप्पी न्यू इयर'' (2014), ''पठान'' (2023) और ''जवान'' (2023) में साथ काम किया था। दीपिका कुछ दिन पहले, 2024 में आई तेलुगु ब्लॉकबस्टर ''कल्कि 2898 एडी'' के सीक्वल से बाहर हो गई थीं।

दीपिका ने एक हाथ पकड़े हुए अपनी एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन दिया, 'लगभग 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान उन्होंने मुझे जो पहला सबक सिखाया था, वह यह था कि फिल्म बनाने का अनुभव और आप जिन लोगों के साथ इसे बनाते हैं, वह उसकी सफलता से कहीं ज़्यादा मायने रखता है। मैं इससे पूरी तरह सहमत हूँ और तब से मैंने अपने हर फैसले में इस सीख को लागू किया है। और शायद यही वजह है कि हम साथ में अपनी छठी फिल्म बना रहे हैं?'

अभिनेत्री ने एक मूल्यवान सीख देने के लिए शाहरुख का आभार जताया और कहा कि उन्होंने अपने हर फैसले में इस बात को लागू किया। अभिनेत्री ने लिखा, ''उन्होंने (शाहरुख) ने लगभग 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान मुझे जो पहली सीख दी थी वह फिल्म बनाने का अनुभव था। उन्होंने कहा था कि आप जिन लोगों के साथ मिलकर फिल्म बनाते हैं, वे फिल्म की सफलता से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं।''

बताया जा रहा है कि इस नयी फिल्म 'किंग' में शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी होंगी। इससे पहले, बृहस्पतिवार को ''कल्कि 2898 एडी'' के निर्माताओं ने घोषणा की थी कि दीपिका फिल्म के सीक्वल में नहीं होंगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण करने वाले 'वैजयंती मूवीज' स्टूडियो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह खबर साझा की थी।



पोस्ट में कहा गया था, आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाती है कि दीपिका पादुकोण... 'कल्कि2898 एडी' के आगामी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। पहली फिल्म बनाने की लंबी यात्रा के बावजूद हम साझेदारी कायम नहीं रख पाए। 'कल्कि2898 एडी' जैसी फिल्म उस प्रतिबद्धता और उससे भी कहीं ज्यादा की हकदार है। हम उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। फिल्म जून 2024 में प्रदर्शित हुई थी और वैश्विक स्तर बॉक्स ऑफिस पर इसने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की।

# 30 सितंबर तक एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहें राज्य अधिकारी, निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए तैयार रहने को कहा है। आयोग का यह निर्देश इस बात का संकेत है कि अक्टूबर-नवंबर की शुरुआत में मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम शुरू हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के एक सम्मेलन में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें अगले 10 से 15 दिनों में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैयार रहने को कहा था।

हालांकि अधिक स्पष्टता के लिए 30 सितंबर की समय सीमा तय की गई थी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें। कई राज्य के मुख्य निर्वाचन




अधिकारियों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां पहले ही अपनी वेबसाइटों पर डाल दी हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम गहन पुनरीक्षण हुआ था।

उत्तराखंड में अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में अंतिम एसआईआर ही 'कट-ऑफ' तिथि होगी, ठीक उसी तरह जैसे बिहार की 2003 की मतदाता सूची का उपयोग आयोग गहन पुनरीक्षण के लिए कर रहा है। अधिकांश राज्यों में अंतिम एसआईआर 2002 से 2004 के बीच हुआ था और उन्होंने वर्तमान मतदाताओं का मिलान पिछले गहन पुनरीक्षण के अनुसार लगभग पूरा कर लिया है।

आयोग ने कहा कि बिहार के बाद पूरे देश में एसआईआर लागू किया जाएगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। इस गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच कर उन्हें बाहर निकालना है। विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर यह कदम महत्वपूर्ण है।

# बेंगलुरु की सड़कों की बदहाली पर भड़के सिद्धारमैया नगर निगम को दिया एक महीने का अल्टीमेटम

बेंगलुरु **(एजेंसी)**। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु की सड़कों की बदहाली पर नगर निगम अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने सड़कों के गड्ढे भरने और शहर की सभी सड़कों को यातायात के लिए अनुकूल बनाने के लिए अधिकारियों को एक महीने का समय दिया है। सड़क सुधार और यातायात व्यवस्था पर बुलाई गई एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की सुस्ती पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

सिद्धारमैया ने अधिकारियों से सवाल किया, 'क्या आपको लोगों की रोजमर्रा की मुश्किलें दिखाई नहीं देतीं? आपने तुरंत कदम क्यों नहीं उठाए?' उन्होंने वार्ड और मुख्य अभियंताओं को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया और सख्त लहजे में चेतावनी दी कि एक महीने के भीतर गड्ढे भरने और सड़कों को ठीक करने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी इसमें नाकाम रहे तो उनके खिलाफ बिना किसी हिचकिचाहट के कार्रवाई की जाएगी।

यह फटकार ऐसे समय में आई है जब बेंगलुरु की एक लॉजिस्टिक्स कंपनी ब्लैकबक ने खराब सड़कों और भारी ट्रैफिक जाम के कारण आउटर रिंग रोड स्थित अपना कार्यालय बदलने की घोषणा की है। कंपनी के सीईओ राजेश याबाजी ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया था। हालांकि, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस पर बेफिक्री दिखाते हुए कहा था कि सरकार इस तरह की 'धमकियों या ब्लैकमेलिंग' की परवाह नहीं करती।

मुख्यमंत्री ने अपनी नाराजगी



जताते हुए कहा कि बेंगलुरु विकास प्राधिकरण, बीएमआरसीएल और बीडब्ल्यूएसएसबी जैसे विभागों के बीच कोई समन्वय नहीं है। उन्होंने मुख्य आयुक्त को सभी पांचों क्षेत्रीय आयुक्तों के साथ साप्ताहिक बैठकें करने और लगातार संपर्क में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि सड़कों का काम मानसून से पहले क्यों नहीं किया जाता।

नगर निगम द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, ग्रेटर बेंगलुरु में 14, 795 गड्ढे थे, जिनमें से 6, 749 भरे जा चुके हैं, जबकि 8, 046 गड्ढे अभी भी बाकी हैं। इन्हें अक्टूबर के अंत तक ठीक करने का लक्ष्य रखा गया है। सड़कों की मरम्मत के लिए 18 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये भी जारी किए गए हैं।

### लालू परिवार में आपसी कहल!

# रोहिणी ने परिवार के सभी सदस्यों को सोशल मीडिया पर किया अनफॉलो

### बोली- आत्म सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं

पटना **(एजेंसी)**। आत्मसम्मान पर चोट से आहत लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने परिवार के सभी सदस्यों को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से अनफॉलो कर दिया है। रोहिणी का ये कदम लालू परिवार में बढ़े आपसी विवाद के बडे संकेत दे रहा है। वर्तमान में रोहिणी आचार्य अपने सोशल मीडिया एक्स प्लेटफॉर्म पर सिर्फ तीन अकाउंट को ही फॉलो कर रही हैं। रोहिणी जिन्हें वर्तमान पर फॉलो कर रही हैं उनमें राहत इंदौरी और द स्ट्रेट्स टाइम्स का अकाउंट है। इसके अलावा तीसरा अकाउंट उनके पति समरेश सिंह का है, जिसे आचार्य फॉलो कर रही हैं। गौर करने वाली बात ये है कि समरेश सिंह अभी भी एक्स पर लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी को फॉलो कर रहे हैं, जबकि रोहिणी आचार्य ने परिवार के सभी सदस्यों को अनफॉलो कर दिया है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय यादव पर टिप्पणी के बाद से ही रोहिणी आचार्य पर उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर विशेष अभियान चलने लगा था।



रोहिणी आचार्य पर राजनीतिक महत्वाकांक्षा के कारण संजय यादव पर टिप्पणी का आरोप लगने लगा था। जिसके बाद रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर लालू को अपने दिए किडनी को लेकर एक मार्मिक वीडियो शेयर किया और परिवार को लेकर दी गई अपनी कुर्बानी को भी लोगों को याद दिलानी पडी। साथ ही ये भी लिखा कि उन्हें कोई राजनीति महत्वाकांक्षा नहीं है। उनके लिए आत्म सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं।

### भाजपा विधायक ने दिग्विजय को कहा मौलाना

## भड़के दिग्गी, बोले- भगवान सिद्धार्थ को सद्बुद्धि दे

रीवा **(एजेंसी)**। रीवा के त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी विधायक सिद्दार्थ तिवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। दोनों नेता लगातार एक-दूसरे पर सार्वजनिक मंच और सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर रहे हैं, जिससे राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

बीजेपी विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्दार्थ तिवारी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पर निशाना साधा। सिद्दार्थ ने दिग्विजय सिंह को मौलाना कहकर संबोधित किया और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अपने परिवार के संस्कारों के अनुरूप नहीं चलते। सिद्दार्थ ने कहा, 'कांग्रेस की नीयत और चरित्र को मुझसे ज्यादा कोई नहीं जानता। वे वही नेता हैं जो ओसामा जैसे आतंकवादी को 'ओसामा जी' कहकर बुलाते थे।'

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने इस पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा है कि 'सिद्धार्थ मेरे पुत्र समान है। उनके परिवार से मेरे घनिष्ठ संबंध थे और रहेंगे। पुत्र 'सपूत' या 'कपूत' हो सकता है, लेकिन 'पिता' कभी 'कुपिता' नहीं हो सकता। प्रभु सिद्धार्थ को ईश्वर सदबुद्धि दें। जय सिया राम।'



# सिंधिया से जीतू के सवाल, बोले- आप मंत्री वोट चोरी करके बने या नहीं

## भाजपा और पीएम मोदी क्यों घबरा रहे

भोपाल **(एजेंसी)**। ग्वालियर पहुंचे पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भाजपा और मुख्यमंत्री मोहन यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा लगातार उठाए जा रहे वोट चोरी के मुद्दे पर प्रदेश की जनता को जागरूक करने की कोशिश को समर्थन दिया और कहा कि कांग्रेस इस दिशा में कार्यक्रम बना रही है।

पटवारी ने कहा कि जगह-जगह रेलिया आयोजित की जा रही हैं, जिनमें हजारों कांग्रेसजन और आम लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर देश में वोट के अधिकार का विश्वास खत्म हो गया तो लोकतंत्र बचेगा कैसे। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी जी ने देश की सेवा का मुद्दा उठाया है, जबकि मोदी और पूरी बीजेपी इसका जवाब देती है। चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए।'

पटवारी ने कहा कि जब प्रधानमंत्री वोट चोरी से बने हैं तो देश का आम नागरिक सवाल पूछेगा। उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया और बीजेपी नेताओं पर तंज कसा कि उन्होंने चुनाव में अराजकता फैलाई और प्रशासन का दुरुपयोग किया। पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी के पास जो साक्ष्य हैं, उसका जवाब बीजेपी के पास होना चाहिए।

बीजेपी ने राहुल गांधी पर जेन-जेड युवाओं को भड़काने का आरोप लगाया, जिस पर पटवारी ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा अपने पाप छुपा रही है। उन्होंने 2014 से मोदी सरकार के अधूरे वादे गिनाए - रोजगार, अर्थव्यवस्था, किसानों की आय, गरीबी और भ्रष्टाचार को मिटाने के वादे पूरे नहीं हुए।

पटवारी ने कमलेश्वर पटेल के पार्टी में गुटबाजी पर दिए गए बयान को सही ठहराया और कहा कि पार्टी में एकजुटता आनी चाहिए, नेताओं की चिंता बनी रहती है लेकिन सही दिशा में कदम उठाना जरूरी है।



# गाजा युद्ध पर सख्त ब्रिटेन, कहा-अमेरिका की परवाह नहीं, अब फिलीस्तीन को राष्ट्र मानना ज़रूरी

लंदन **(एजेंसी)**। अमेरिका के विरोध के बावजूद ब्रिटेन द्वारा फिलीस्तीन को राष्ट्र के रूप में रविवार को मान्यता दिए जाने की उम्मीद है। ब्रिटेन का मानना है कि इजराइल ने गाजा में युद्ध के संबंध में रखी गई शर्तों को पूरा नहीं किया है। यद्यपि यह अपेक्षित कदम काफी हद तक प्रतीकात्मक है, ब्रिटेन को उम्मीद है कि इससे गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है, साथ ही दीर्घकालिक शांति का मार्ग प्रशस्त करने में भी मदद मिलेगी।

ब्रिटेन के उपप्रधानमंत्री डेविड लैमी ने कहा कि फलस्तीन राष्ट्र की मान्यता की घोषणा रविवार को प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर द्वारा की जाएगी। लैमी इस महीने की शुरुआत तक विदेश मंत्री थे। उन्होंने 'स्काई न्यूज' से कहा, ''फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने का कोई भी फैसला, अगर आज बाद में लिया भी जाए, तो इससे रातोंरात फलस्तीन राष्ट्र नहीं बन जाता।''

लैमी ने कहा कि मान्यता से द्वि-राष्ट्र समाधान की संभावना को



जीवित रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी लोगों को हमास के साथ जोड़ना ग़लत है। जुलाई में, अपनी लेबर पार्टी के भीतर दबाव के बीच, स्टारर्मर ने कहा था कि यदि इजराइल गाज़ा में संघर्षविराम के लिए सहमत नहीं होता, संयुक्त राष्ट्र को मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति नहीं देता और दीर्घकालिक शांति की दिशा में अन्य कदम नहीं उठाता, तो ब्रिटेन फिलीस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा।

यह प्रत्याशित कदम इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले आया है, जहां ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और फ्रांस सहित अन्य देश भी फिलीस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही, यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजकीय यात्रा के कुछ ही दिन बाद आया है, जहां उन्होंने इस योजना पर अपनी असहमति व्यक्त की थी।

ट्रंप ने कहा, ''इस मुद्दे पर मेरी प्रधानमंत्री से असहमति है। दरअसल, यह हमारी कुछ असहमतियों में से एक है।'' अमेरिका और इजराइल सरकार सहित आलोचकों ने इस योजना की निंदा करते हुए कहा है कि यह हमास और आतंकवाद को बढ़ावा देती है। स्टार्मर ने इस बात पर जोर दिया है कि फलस्तीनी लोगों के शासन के भविष्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी और उसे 7 अक्टूबर, 2023 के हमलों में अब तक बंधक बनाए गए इजराइली बंधकों को रिहा करना होगा। फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने के लिए 140 से अधिक देश पहले ही कदम उठा चुके हैं, लेकिन फ्रांस और ब्रिटेन के फैसले महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये दोनों ही जी-7 और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं।

### ट्रंप की तालिबान को खुली धमकी

# वापस दो बगराम एयरबेस या भुगतो 'भयावह अंजाम', मिला धमाकेदार जवाब

वाशिंगटन **(एजेंसी)**। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से बगराम एयरबेस को वापस करने की मांग करते हुए सख्त चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि अगर तालिबान ने यह मांग ठुकराई तो उन्हें इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। यह बयान ट्रंप की उसी 2020 की डील के विपरीत है, जिसमें उन्होंने तालिबान से समझौता कर अमेरिकी सेना की अफगानिस्तान से वापसी सुनिश्चित की थी।

ट्रंप ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका बग्राम एयरबेस को वापस लेना चाहता है, जो 2021 में अफगानिस्तान छोड़ते समय तालिबान के नियंत्रण में चला गया था। उन्होंने एयरबेस को 'दुनिया के सबसे बड़े एयर बेसों में से एक' बताया। ट्रंप ने यह बताया कि इस आधार की रणनीतिक अहमियत इसलिए है क्योंकि यह चीन की कुछ मिसाइलों/नाभिकीय हथियार उत्पादन केंद्रों से लगभग एक घंटे की दूरी पर है। उन्होंने ट्वीट या सत्य सामाजिक पर लिखा कि अगर तालिबान एयरबेस वापस नहीं करेगा, तो 'बुरी चीजें घटित होने वाली हैं'यानी 'बुरी चीजें होंगी'। लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वो बुरी चीजें कैसी होंगी।

तालिबान ने ट्रंप की मांग को सीधे-सीधे खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान में किसी भी हाल में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि तालिबान ने यह भी कहा कि वे अमेरिका के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों के लिए खुले हैं, लेकिन सैन्य वापसी का सवाल ही नहीं उठता।



ट्रंप के इस बयान के बाद एक बार फिर उनकी 2020 की डील को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि ट्रंप ने ही तालिबान से समझौता कर अमेरिकी सेना को बाहर निकाला था और अब उन्हीं के नेतृत्व में एयरबेस वापसी की मांग करना राजनीतिक विरोधाभास है।अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि बगराम एयरबेस पर अमेरिका की नजर इसलिए भी है क्योंकि यह चीन और ईरान की निगरानी में बड़ी भूमिका निभा सकता है। ट्रंप के बयान से साफ है कि वे राष्ट्रपति पद की दौड़ में राष्ट्र सुरक्षा और ताकतवर अमेरिका की छवि को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

# गाजा में जमीन-आसमान से बरसी मौत एक दिन में बिछी 91 फिलीस्तीनियों की लाशें

### इजराइल में नेतान्यहू के खिलाफ प्रदर्शन तेज

तेल अवीव **(एजेंसी)**। गाजा पर इजरायली हवाई और जमीनी हमलों में एक ही दिन में 91 फिलीस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा के प्रमुख डॉक्टर मोहम्मद अबू सालमिया के परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। हमले तब हुए जब हजारों लोग उत्तर गाजा सिटी से भागने की कोशिश कर रहे थे।शनिवार को हुए हमले आवासीय घरों, आश्रयों, विस्थापितों के तंबुओं और नागरिकों की ट्रक यात्रा पर केंद्रित थे। कम से कम 76 लोग इन हमलों में मारे गए। डॉक्टर मोहम्मद अबू सालमिया के भाई, भाभी और उनके बच्चे अपने घर पर हमला होने से मारे गए।

हमास ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि यह 'डॉक्टरों को शहर छोड़ने के लिए एक खूनी संदेश' है। इजरायली सेना ने गाजा सिटी में कई टावर ब्लॉक भी ध्वस्त किए हैं। अल जज़ीरा की रिपोर्ट



के अनुसार, हजारों लोग लगातार बमबारी और तोपखाने की गोलाबारी से भाग रहे हैं। घायल या फंसे हुए नागरिकों तक बचावकर्मी नहीं पहुंच पा रहे हैं। फिलीस्तीनी सिविल डिफेंस के अनुसार, अगस्त से गाजा सिटी पर हमलों के कारण लगभग 4.5 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। विस्थापित लोग सडक़ों पर तंबू लगाकर रह रहे हैं, जहां न पानी है, न बिजली और न बुनियादी सुविधाएं। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि स्थिति बेहद कठिन है और स्वास्थ्य, स्वच्छता और पानी तक पहुंच मुश्किल है।

### नेपाल एयरलाइंस की बड़ी घोषणा

## काठमांडू से चीन के लिए शुरू की सीधी उड़ान, किराया रखा बेहद कम

काठमांडू **(एजेंसी)**। नेपाल की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने राजधानी काठमांडू से चीन के ग्वांगझू के लिए बृहस्पतिवार से सीधी उड़ानें शुरू करने की रविवार को घोषणा की। नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन (एनएसी) के प्रवक्ता मनोज कुमार शाह ने बताया कि पहली बार काठमांडू से गुआंगझू के बीच उड़ान सेवा शुरू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अधिकारी ने बताया कि एनएसी इस मार्ग पर सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करेगा। पहली उड़ान बृहस्पतिवार और दूसरी 28 सितंबर को निर्धारित है। एनएसी ने बताया कि इसके बाद हर रविवार, मंगलवार और शनिवार को ग्वांगझू के लिए सीधी उड़ानें होंगी। एनएसी ने काठमांडू से ग्वांगझू का एकतरफ़ा किराया 30, 000 नेपाली रुपये और वापसी का किराया 50, 000 नेपाली रुपये तय किया है। हिमालय एयरलाइंस भी नेपाल से इस मार्ग पर नियमित उड़ानें संचालित कर रही है, जबकि चीनी एयरलाइन कंपनी चाइना सदर्न भी ग्वांगझू-काठमांडू मार्ग पर नियमित उड़ानों का संचालन कर रही है।



# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा से पहले हिंदू मंदिरों पर बर्बर हमला! लूट के बाद तोड़ी 7 मूर्तियां, जमालपुर में धार्मिक तनाव बढ़ा

ढाका **(एजेंसी)**। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा से पहले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हमले बढ़ते जा रहे हैं। जमालपुर जिले के सरिशाबारी उपजिला के तत्यापारा मंदिर में शनिवार रात एक शख्स ने लूट के बाद सात मूर्तियों को तोड़फोड़ दिया। यह घटना दुर्गा पूजा से ठीक पहले दूसरी बार सामने आई है।पुलिस ने आरोपी हबीबुर रहमान (35) को गिरफ्तार किया है। सरिशाबारी पुलिस थाना के अधिकारी राशेदुल हसन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने पर तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष गोएश चंद्र बरमन ने कहा कि रविवार सुबह महालया के दिन मूर्तियों को टूटे हुए देखकर पुलिस को सूचना दी गई और सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान की गई।मंदिर और पुलिस के अनुसार, मूर्तियाँ शनिवार रात कलाकारों द्वारा तैयार की गई थीं और उसी रात आरोपी ने मंदिर में घुसकर मूर्तियों के सिर और अन्य हिस्से तोड़ दिए।यह घटना चिंता का विषय है क्योंकि अगस्त 2024 में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से हिंदू मंदिरों और अल्पसंख्यकों पर हमलों में वृद्धि देखी गई है।

इस सप्ताह की शुरुआत में कुस्टिया जिले के मिर्पुर उपजिला के श्वरुपदाह पलपारा श्री श्री राधा काली मंदिर में भी मूर्तियों को तोड़ा गया और सुरक्षा कैमरा व मेमोरी कार्ड चोरी हो गए थे। मंदिर समिति के पूर्व सचिव बदाल कुमार डे ने कहा, 'पिछले तीन साल से हम दुर्गा पूजा की तैयारी कर रहे हैं। यह घटना हमें डर में डाल गई है।'इससे पहले, बांग्लादेश की अवामी लीग ने अंतरिम सरकार के गृह सलाहकार जहंगीर आलम चौधरी की हिंदू धर्म के खिलाफ विवादित टिप्पणी की निंदा की थी। शेख हसीना की सरकार के सत्ता से हटाए जाने के बाद बांग्लादेश में हिंसा और कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई है।



Facebook: https://www.facebook.com/profile.php?id=100063787346044 | Twitter: https://twitter.com/mantrabharat?t=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 | Mobile No: 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. UPHIN/2012/52437 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स टिकरी, कमला नगर, प्रयागराज से मुद्रित एवं 80-ए मेहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 से प्रकाशित एवं सम्पादित।
● सम्पादक विनीता शर्मा ● मोबाइल : 9415975437, 7007837917, 9415223357 ● E-Mail : editormantrabharat@gmail.com ● वैधानिक सूचना:- मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे का क्षेत्र प्रयागराज न्यायालय होगा।